रोहतक
शनिवार, 7 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 127
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 41.5
न्यून. 22.5

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,188.99 | 746.95 ▲ |
| निफ्टी | 25,003.05 | 252.15 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,690 /- | 000/- ▲ |
| चांदी | 1,04,100/- | 000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.68 | 11 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 65.17/ बैरल | 0.26% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*



**पीएम ने तिरंगा लहराकर किया दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज का उद्घाटन, वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

*प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर में अंजी नदी पर बने भारत के पहले केबल स्टेड रेलवे पुल का उद्घाटन करने रेल के इंजन वाले डिब्बे में सवार होकर पहुंचे व पुल को जनसमर्पित किया।*

चिनाब नदी पर बना है रेलवे पुल, 8 साल में 1486 करोड़ की लागत से हुआ तैयार

इस पुल की रेलवे नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है

आर्च ब्रिज 1315 मीटर लंबा इस्पात से बना है। भूकंपीय और वायु संबंधी परिस्थितियों को झेलने में सक्षम है

यह पुल कटरा से बनिहाल तक 11 किमी लंबे मार्ग में अहम संपर्क सुविधा है

**कश्मीर में बोले मोदी**
पाकिस्तान मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन

# पाक ने पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हमला किया

भाषा ▶▶ कटरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। मोदी ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था। पीएम ने कहा, 'दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी।'

**उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक : प्रधानमंत्री**



■ पीएम ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया, जो घाटी को रेल माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेंगे।

■ मोदी ने रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। लगभग 43,780 करोड़ की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना में 119 किलोमीटर के दायरे में फैली 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं। यह परियोजना कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में निर्बाध रेल संपर्क प्रदान करती है।

*20 साल में 20 लाख के लोन पर 1.48 लाख का फायदा*

# आरबीआई ने रेपो दर 0.50% घटाई, सभी लोन सस्ते होंगे

भाषा ▶▶ मुंबई

महंगाई दर में नरमी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इन उपायों से वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन मिलेगा। इससे बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा। ब्याज में इस कटौती को बैंक अपने ग्राहकों को ट्रांसफर करते हैं, तो इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।



बैंकों में नकदी बढ़ाने के लिए सीआरआर में भी कटौती
**इन उपायों से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलेगा**

**ग्राहकों को यह मिलेगा फायदा**
इससे मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस फैसले के बाद 20 साल के लिए लिए गए 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख रुपये का फायदा ग्राहकों को मिलेगा।

**इस साल 3 बार घटा रेपो रेट**
आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। अब तीसरी बार दरों में कटौती हुई है। यानी, मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें 1% घटाई हैं।

**हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी**
रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं। ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। अगर बैंक इसका पूरा लाभ कर्जदारों को देते हैं, तो आवास, वाहन और व्यक्तिगत कर्ज पर मासिक किस्तों (ईएमआई) में 0.5 प्रतिशत की कमी आएगी।

**2.5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे :** गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे 4.00% से घटाकर 3.00% करने का फ़ैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से 2.5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे। सीआरआर वह पैसा है जो बैंकों को अपने कुल जमा का एक हिस्सा रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के पास रखना होता है।

**जिला नागरिक अस्पताल में पीपीटी मोड़ पर चल रहा हार्ट केयर सेंटर**

# फरीदाबाद में डॉक्टर का फर्जीवाड़ा कर दी 50 हार्ट सर्जरी, कई की मौत

**आरोपित डॉ. पंकज मोहन शर्मा ने अपने हमनाम वाले शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलाजिस्ट डॉ. पंकज मोहन की डिग्री का रजिस्ट्रेशन नंबर इस्तेमाल कर हार्ट सेंटर में नियुक्ति पाई**

**फरीदाबाद(हरिभूमि न्यूज)।** जिला नागरिक अस्पताल में पीपीटी मोड पर संचालिक हार्ट केयर सेंटर विवादों के घेरे में आ गया। बताया जा रहा है कि एक एमबीबीएस डॉक्टर फर्जी दस्तावेजों के सहारे 8 महीने से मारीजों की हार्ट सर्जरी करता रहा। उसने 50 से अधिक हार्ट सर्जरी की डाली। इनमें से कई की हालत खराब है, जबकि कई मरीजों की मौत हो चुकी है। आरोपित जनरल एमबीबीएस डॉ. पंकज मोहन शर्मा ने अपने हमनाम वाले शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलाजिस्ट डॉ. पंकज मोहन की डिग्री का रजिस्ट्रेशन नंबर इस्तेमाल कर हार्ट सेंटर में नियुक्ति पाई।

**ऐसे खुला भेद**
आरोपित का भेद तब खुला जब अस्पताल के हार्ट सेंटर में ऑपरेशन कराने वाला मरीज तबीयत ठीक न होने पर असल हार्ट स्पेशलिस्ट के पास पहुंच गया। तब तक आठ माह के कार्यकाल में फर्जी हार्ट स्पेशलिस्ट 50 से अधिक सर्जरी कर चुका था। यह मामला जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नीति के तहत चल रहे हार्ट सेंटर से जुड़ा है। जो फरवरी 2018 से संचालित हो रहा है।

**आरोपित ने 8 माह तक सेवाएं दी**
सेंटर पर डॉ. पंकज मोहन शर्मा ने जुलाई 2024 से फरवरी-2025 तक आठ ▶▶ शेष पृष्ठ 4 पर

हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

# अब पलवल में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का मॉडर्न स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पलवलवासियों को विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि पलवल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मॉडर्न स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। साथ ही, 55 लाख रुपये की लागत से पलवल में इनडोर स्टेडियम को साउंडप्रूफ बनाया जाएगा। इसके अलावा, सेक्टर- 21 ट्रांसपोर्ट नगर में बुनियादी सुविधाओं जैसे पार्किंग, बरसाती पानी की निकासी, ड्रेनेज सिस्टम, जलापूर्ति इत्यादि के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पलवल में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए उपरोक्त घोषणाएं की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।



सीएम ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया ऐलान सड़कों के नवीनीकरण के लिए 77 करोड़ 75 लाख रुपये की घोषणा

**4 परियोजनाओं का शिलान्यास**
इनमें 15 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत की 3 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 24 करोड़ 71 लाख रुपये लागत की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। 8 सड़कों की मरम्मत के लिए 37 करोड़ 57 लाख तथा 54.5 किमी लंबाई की 26 सड़कों के के लिए 40 करोड़ 18 लाख दिए।

**खबर संक्षेप**

## स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी। यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है। सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

## बेंगलुरु भगदड़ मामले में आरसीबी व प्रबंधन कंपनी के अफसर गिरफ्तार

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अफसरों को 16 जून तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। अदालत ने आरसीबी के मार्केटिंग हेड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, क्रिकेटर विराट कोहली के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में शिकायत की गई है। सोशल एक्टिविस्ट एच.एम. वेंकटेश ने अपनी कम्प्लेन में कोहली को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी, नीट-पीजी की परीक्षा अब 3 अगस्त को होगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील "उचित" प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा।

**खुलासा** भगोड़े कारोबारी ने यूट्यूबर शमानी के पॉडकास्ट में तोड़ी चुप्पी

*6200 करोड़ के बदले बैंकों ने 14 हजार करोड़ रुपये वसूले*

# विजय माल्या बोले-मुझे चोर कहना गलत, मैं भगोड़ा नहीं, जेटली को बताया था-मैं जा रहा हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने चार घंटे के वीडियो पॉडकास्ट में दावा किया कि उन्होंने 2012 में अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के पतन के बाद और 2015 के बीच चार बार सेटलमेंट ऑफर दिए, जिन्हें बैंकों ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। माल्या ने कहा कि 2 मार्च 2016 को जेनेवा में एफआईए मीटिंग के लिए लंदन जा रहा था। मैंने तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली को बताया कि मैं जा रहा हूं, लेकिन पासपोर्ट रद्द होने से मैं लंदन में ही अटक गया। मैं भगोड़ा नहीं, यह कोई एस्केप प्लान नहीं था। मुझे चोर कहना गलत है। माल्या 6,200 करोड़ रुपये के बैंक लोन फ्रॉड मामले में घिरे हैं। हालांकि ब्याज और अन्य शुल्क के साथ ये रकम करीब 9000 करोड़ रुपये होती है। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक से 900 करोड़ रुपये के लोन डिफॉल्ट का मामला भी दर्ज है। नौ साल तक मीडिया से दूरी बनाने के बाद, माल्या ने हाल ही में यूट्यूबर राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने अपनी जिंदगी, बिजनेस, किंगफिशर एयरलाइंस के पतन, कर्मचारियों की बकाया सैलरी, और कानूनी लड़ाई पर खुलकर बात की।

**पासपोर्ट रद्द होने के कारण लंदन में अटक गया**



**कर्ज से ढाई गुना रिकवर कर चुके बैंक**
माल्या ने 17 बैंकों से 6,203 करोड़ का लोन लिया। बैंकों ने संपत्तियों से 14,131.6 करोड़ रुपये रिकवर किए, जो कर्ज से ढाई गुना है। मैंने 2012-2015 में चार बार सेटलमेंट ऑफर दिए, जिनमें 5,000 करोड़ का ऑफर भी था, लेकिन बैंकों ने ठुकरा दिया। सीबीआई ने ब्रांड वैल्यूएशन और प्राइवेट जेट के मिसयूज का आरोप लगाया। ईडी ने 3,547 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का इल्जाम लगाया। लेकिन एयरलाइन के 50% खर्चे विदेशी मुद्रा में थे, इसे मनी लॉन्ड्रिंग कहना बकवास है। आईडीबीआई को भी मैंने 900 करोड़ का लोन चुका दिया।




## केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल लाल की ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में घोषणा

# प्रीपेड मीटर लगवाने पर बिल में मिलेगी 5 प्रतिशत की छूट

### अगस्त तक सरकारी भवनों व आवासीय कालोनियों में प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य : केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत-2047 को देखते हुए विद्युत मंत्रालय ने पावर फॉर ऑल-फॉर ऑल टाइम के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। जिसके तहत अगस्त 2025 तक सरकारी भवन, कार्यालय और आवासीय कालोनियों में प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रीपेड मीटर लगाने पर बिल में दो से पांच प्रतिशत की प्रति महीना रियायत दी जाएगी। हरियाणा को पांच प्रतिशत रियायत देने की घोषणा की गई है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित उत्तरी राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को साकार करने में ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। अब रिन्यूएबल एनर्जी की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। जिन प्रदेशों में बिजली की कमी होती थी, वे आज सरप्लस प्रदेश बन चुके हैं। ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान सहित कई अन्य प्रदेशों के मंत्रियों व अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन कैपेसिटी, ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और संसाधनों की पर्याप्तता सुनिश्चित करने सहित ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई। इसके साथ ही केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर देश के ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने में दिशा में लगातार कार्य कर रही है, इस पर भी केंद्रीय मंत्री ने ऊर्जा मंत्रियों को विस्तार से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि छह घंटे चली लंबी बैठक में हर पहलू पर बारीकी से चर्चा हुई। खासकर ट्रांसमिशन कैपेसिटी को बढ़ाने के साथ लाइन लोस को घटाने पर चर्चा हुई। वहीं, उत्तरी राज्यों को अगस्त 2025 तक सभी सरकारी भवन, कार्यालय और आवासीय कालोनियों में प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य दिया गया। इसके बाद कर्मिशयल और हाईलोड वाले उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। चरणबद्ध तरीके से प्रीपेड लगाने का काम पूरा होगा।

■ छह घंटे चली बैठक में ट्रांसमिशन कैपेसिटी बढ़ाने व लाइन लोस घटाने पर चर्चा



चंडीगढ़। उत्तरी राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### डिमांड के हिसाब से देशभर में बिजली पर्याप्त : ऊर्जा मंत्री

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने बताया कि गर्मियों के सीजन में बिजली की डिमांड पीक पर होती है। वर्ष 2024 में 250 गीगावाट डिमांड थी, जबकि 2025 में यह बढ़कर 260 गीगावाट के ऊपर पहुंच गई है। डिमांड के हिसाब से देशभर में बिजली पर्याप्त है। सम्मेलन के दौरान इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं निवेश बढ़ाने को लेकर भी सभी राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ मंत्रणा की गई। केंद्र सरकार की ओर से डेढ़ लाख करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है, जिसे राज्य 50 साल की लंबी अवधि के लिए बिना ब्याज के ले सकते हैं।

### विज ने गांवों में सोलर हाउस स्थापित करने का सुझाव दिया

सम्मेलन में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा राज्य के किसानों को दिन में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उदेश्य से गांवों में सोलर हाउस स्थापित करने के सुझाव की केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने सराहना की और कहा कि इस सुझाव पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय आगे बढ़ेगा। विज ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा में सोलर एनर्जी को बढाने के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि हरियाणा बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सके। इससे तेजी से विकास भी होगा।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मेवात विकास बोर्ड की 31वीं बैठक

# केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से नूंह विकास में फर्राटे भर रहा

### 10वीं व 12वीं में 90% से अधिक अंक लाने वाले सामान्य व अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को 51 हजार व अनुसूचित जाति के छात्रों को 1.11 लाख प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेवात क्षेत्र में बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से अब 10वीं व 12वीं कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सामान्य व अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को 51 हजार रुपए प्रति छात्र तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि को मुख्यमंत्री मेवात छात्र प्रतिभा सम्मान योजना के रूप में दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए भी विस्तार से योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएंगे।मुख्यमंत्री शुक्रवार को मेवात विकास बोर्ड की 31वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेवात क्षेत्र के विकास को लेकर अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर मोहर लगाई। बैठक में पहुंचने पर मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं गुरूग्राम मंडल आयुक्त रमेश चंद्र बिढ़ान ने मुख्यमंत्री सहित अन्य का स्वागत किया।



### जिला मुख्यालय सहित उपमंडलों में खुलेगी लाइब्रेरी

मुख्यमंत्री ने मेवात विकास बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया कि नूंह जिला मुख्यालय पर 200 बच्चों की क्षमता वाली लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा वहीं जिला के फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना व तावडू उपमंडल में 100 बच्चों की क्षमता वाली लाइब्रेरी का निर्माण करने के साथ ही जिला के 5000 से अधिक आबादी वाले बड़े गांवों में 50 बच्चों की क्षमता वाली लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।

### विकासात्मक में 108 से 20वें पायदान पर पहुंचा नूंह

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मनाए जाने वाले ईद पर्व की सभी प्रदेशवासियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज मेवात क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ विकासात्मक स्वरूप में हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी द्वारा नूंह जिला को आकांक्षी योजना में शामिल करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय सहयोग देने की सार्थक पहल की। 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी जिसमें देश के 112 अपेक्षाकृत पिछड़े व दूरदराज के जिलों में नूंह को शामिल किया गया था, तब नूंह जिला 108वें स्थान पर था किंतु केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर मेवात क्षेत्र पर किए गए फोकस के कारण नूंह आज 20वें पायदान पर है।

## खबर संक्षेप

### नेशनल कबड्डी खिलाड़ी की गोलियां मारकर हत्या

**पंचकूला।** पंचकूला जिले के अमरावती स्थित कॉस्मो मॉल के बाहर वीरवार की रात सनसनीखेज वारदात हुई है। यहां पर कस्बे में एक नेशनल कबड्डी खिलाड़ी सोनू नोल्टा को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक सोनू अपने दोस्तों और तीन युवतियों के साथ फिल्म देखने मॉल गया था। जैसे ही वे रात में फिल्म देखकर बाहर निकले, एक स्विफ्ट कार में हमलावरों ने सोनू की स्कॉर्पियो पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

### 21 को ब्रह्मसरोवर होगा योगमय

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने 21 जून 2025 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सुव्यस्थित व अनूठे ढंग से मनाने का निर्णय लिया है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। समारोह में योग गुरु बाबा रामदेव भी पधारेंगे।

### पानीपत में इनेलो का प्रदर्शन दस को

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि प्रदेश में लगातार खराब होती कानून व्यवस्था के चलते और पानीपत के गांव निजाम में एक बिल्डर के बाउंसरों द्वारा किसान को जिंदा जलाने की घटना के विरोध में इनेलो 10 जून को सुबह 10 बजे पानीपत जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

## विश्वविद्यालयों के 'कुलपति' अब 'कुलगुरु' कहलाएंगे : शिक्षामंत्री



■ शिक्षामंत्री का आह्वान, बोले पदनाम में बदलाव की पहल करें विवि के कुलपति

**फरीदाबाद।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए 'इंटर्नशिप' को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए और इसमें पाठ्यक्रम उपरांत विद्यार्थियों के इंटर्नशिप प्रशिक्षण को लेकर किसी प्रकार का समझौता न किया जाये। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालयों में 'कुलपति' पदनाम में बदलाव की पहल करें और 'कुलपति' के स्थान पर भारतीय परम्परा के अनुसार 'कुलगुरु' लिखना एवं उपयोग करना प्रारंभ करें। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शुक्रवार को जेसी.बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में 'इंटर्नशिप अवसरों' पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संपत्ति विलेखों के पंजीकरण में नियमों का पालन करें

**चंडीगढ़।** हरियाणा वित्त आयुक्त राजस्व एवं गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपायुक्तों को निर्देश जारी करते हुए संपत्ति विलेखों के पंजीकरण से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर जोर दिया है। उन्होंने कहा गया था कि उप-पंजीयक और संयुक्त उप-पंजीयक नियमित रूप से हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा-7ए के एक प्रमुख प्रावधान का उल्लंघन कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कुछ मामलों में पंजीकरण अधिकारी अधिसूचित शहरी क्षेत्रों में बिक्री, पट्टे या उपहार विलेखों को पंजीकृत करने से पहले संबंधित डीटीपी से एनओसी प्राप्त करने में विफल रहे हैं।

## भूमि उपयोग व भवन एवं निर्माण को लेकर कमेटी गठित : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए भारत सरकार कैबिनेट सचिवालय द्वारा भूमि उपयोग, भवन एवं निर्माण तथा प्राथमिकता क्षेत्र के अन्य मामलों के क्रियान्वयन विभाग ने एक कमेटी गठित की है।उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा आवश्यक अधिसूचना जारी कर दी गई है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक कमेटी के चेयरमैन होंगे, जबिक नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग के मुख्य नगर योजनाकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्य नगर योजनाकार तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचणा विभाग के मुख्य नगर योजनाकार एक कमेटी के सदस्य होंगे। कमेटी आवश्यकता अनुसार किसी अन्य सदस्य को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बुला सकेगी।

## पीडब्ल्यूडी की पांच सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

**चंडीगढ़।** सरकार ने लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग की 5 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, अब राज्य राजमार्ग या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अधीन अनुसूचित सड़क से प्रवेश या निकासी के लिए क्लीयरेंस, उपयोग का अधिकार के अधीन प्राकृतिक गैस या पाइप लाइन बिछाने की अनुमति और उपयोग का अधिकार के अधीन संचार अवसंरचना तथा ऑप्टिकल फाइबर केबल जैसी सम्बद्ध स्थापना बिछाने के लिए अनुमति 40 दिन के अंदर दी जाएगी।

## सिंचाई के पानी का असंतुलित वितरण चिंताजनक



**चंडीगढ़।** कांग्रेस कमेटी महासचिव और सांसद सैलजा ने जिलों में सिंचाई पानी का असंतुलित वितरण चिंताजनक जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने पर फसलों की सिंचाई तक नहीं हो पा रही है तो दूर दराज गांवों में पेयजल संकट भी बना हुआ है। सैलजा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश के अनेक जिलों में पिछले कई महीनों से नहरों के माध्यम से सिंचाई जल का वितरण भारी अव्यवस्था और भेदभाव का शिकार बना हुआ है। जल वितरण के लिए निर्धारित रोटेशन प्रणाली का पालन न होने तथा स्पष्ट शेड्यूल जारी न किए जाने के कारण लाखों किसानों को फसल सिंचाई के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सैलजा ने कहा कि पानी जैसा महत्वपूर्ण संसाधन राजनीति और पक्षपात की भेंट चढ़ रहा है। अनेक जिलों में महीनों से नहरों में पानी नहीं पहुंच रहा, जबकि कुछ क्षेत्रों में निरंतर आपूर्ति की जा रही है।

## सुपर 100 के 72 छात्रों का आईटीआई में चयन

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार पिछले 10 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गरीब विद्यार्थियों को आईआईटी व जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग ने सुपर 100 कार्यक्रम चलाया है। यह कार्यक्रम गरीब विद्यार्थियों में आशा की एक नई किरण लेकर आया है। आईआईटी व जेईई एडवांस 2025 के परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सरकारी स्कूल अब केवल शिक्षा केंद्र नहीं बल्कि संभावनाओं का मजबूत मंच बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सुपर 100 के सरकारी स्कूलों के 193 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और जिनमें से 72 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया है, जिनमें सामान्य श्रेणी के 37, पिछड़ा वर्ग के 20 तथा अनुसूचित जाति के 30 विद्यार्थी शामिल हैं।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

DD.NO. 31 दिनांक 05/06/2025 धारा 194 बी.एन.एस. एस थाना कुढंली जिला सोनीपत ।

**मृतक की पहचान**

**नाम**- नाम पता नामालुम ।
**पिता/पति का नाम**-नाम पता नामालुम
**उम्र**-करीब 45 से 50 वर्ष
**कद**-करीब 05 फुट 2 ईन्च।
**हुलियाः**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर, गले में काले रंग का धागा उसके अन्दर पीले रंग धातु की ताबीज व हाथो में सफेद धातु का कड़ा पहने हुए हैं।
**पहनावाः** गले में स्लेटी रंग की फुल बाजु की टी-शर्ट व सफेद बनियान, कमर पर मेहन्दी रंग का लोवर व पैरो में चप्पल पहने हुए हैं।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनांक 05.06.2025 को K.G.P.EXPRESSWAY (कुडंली से बागपत जाने वाले रास्ते) पर एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश में मिली हैं। जिसकी मृत्यु एक्सीडैन्ट होने के कारण होनी प्रतीत हुई हैं। जिसको शिनाख्त हेतु 72 घन्टे के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में रखा हुआ हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8059424129**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3483/2026/35427/88/6 दि. 06.06.25

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

FIR.NO. 142 दिनांक 23.02.2025 धारा 281,106 बी.एन.एस. एस थाना कुढंली जिला सोनीपत ।

**मृतक की पहचान**

**नाम**-नाम पता नामालुम ।
**पिता/पति का नाम**-नाम पता नामालुम
**उम्र**-करीब 27 वर्ष
**कद**-करीब 5 फुट 1 ईन्च।
**हुलियाः** रंग सावंला, लंबुतरा चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर ।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनांक 23.02.2025 को जी.टी. रोड एन. एच. 44 नजदीक फ्लाई ओवर से एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश बरामद हुई हैं। जिसकी मृत्यु एक्सीडेन्ट होने के कारण होनी प्रतीत हुई हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थानामो० न0-7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8708847072**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3484/2026/35431/88/6 दि. 06.06.25

## सीईटी परीक्षा-2024 को हाईकोर्ट में चुनौती, नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सीईटी परीक्षा-2024 में निर्धारित न्यूनतम उम्र सीमा को चुनौती देने वाली याचिका पर सरकार से जवाब तलब किया है। यह याचिका एक नाबालिग अभ्यर्थी प्रभजीत सिंह की ओर से दाखिल की गई है, जिसने यह दावा किया है कि उसे केवल उम्र की 33 दिन की कमी के कारण परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया है, जबकि वह अन्य सभी आवश्यक योग्यताएं पूरी करता है।प्रभजीत सिंह की ओर से अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2023 में दसवीं और वर्ष 2025 में बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिससे वह सीईटी परीक्षा के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता (10+2) पूरी करता है। आयोग ने सरकार व आयोग को नोटिस जारी किया है।

# एचएसएससी की फर्जी वेबसाइट बनाकर धोखाधड़ी करने के आरोप में छह काबू

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह द्वारा जारी एक बयान में कहा है कि सीईटी की परीक्षा को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से कराने के लिए आयोग पूरी तरह से सक्षम एवं तैयार है किसी भी अभ्यर्थी को अगर सीईटी से जुड़ी हुई कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण हर स्तर पर आयोग की तरफ़ से किया जाएगा। हिम्मत सिंह ने यह बात शुक्रवार को कॉमन एलिजिबिलिटी परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु जारी आधिकारिक वेबसाइट की तरह दिखने वाली एक फर्जी वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थियों से ठगी के आरोपियों की गिरफ़्तारी के बाद कही। इस पूरे प्रकरण में 4 लोगों को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से, एक को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से और एक को फतेहाबाद से हिरासत में लिया गया है। जिसमें से पुलिस ने मुख्य आरोपी जिसने फर्जी वेबसाइट लिंक बनाया था उसको भी हिरासत में ले लिया है। आयोगों ने बताया कि अभी तक इस फ़र्ज़ी लिंक के ज़रिए केवल 77 अभ्यर्थियों ने 22 हजार रुपये के करीब फीस जमा कराई गई थी और इससे पहले की कोई और आवेदक इनकी जालसाज़ी का शिकार हो आयोग ने तत्परता दिखाकर पंचकुला पुलिस के माध्यम से इनको पकड़ने का कार्य किया।

■ चार आरोपी यूपी से गोरखपुर से व एक-एक आरोपी फतेहाबाद व कुरुक्षेत्र से पकड़ा

**एचएसएससी सख्त**

### अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर सभी परीक्षाओं में अयोग्य घोषित करेंगे

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल कर ठगी करने वालों को जहां हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, आने वाले वक्त में सरकारी नौकरी के लिए युवाओं ने जुगाड़, नकल और अनुचित साधनों का प्रयोग किया, तो खैर नहीं होगी बल्कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की सभी परीक्षाओं के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हरियाणा सरकार के विभागों और बोर्ड-निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्त संस्थानों में चौथी और तीसरी श्रेणी की नौकरी के लिए सीईटी देना जरूरी होगा।इतना ही नहीं सरकार ने नए नियमों के अनुसार हरियाणा पुलिस और शिक्षकों की भर्ती भी सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के माध्यम से की जाएगी। यहां पर बता दें कि पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने तीसरी और चौथी श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती के मामलों में सरकार को नियम तैयार करने के निर्देश जारी किए थे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की नई नीति के अनुसार तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों की सभी भर्तियां एचएसएससी द्वारा सीईटी स्कोर के आधार पर की जाएंगी। शिक्षक पद के लिए हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।

**चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी (हरियाणा)**

(हरियाणा सरकार अधिनियम सं. 25 ऑफ 2014 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)

प्रवेश सूचना

**सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारम्भ**

पंजीकरण की अन्तिम तिथि
यूजी हेतु : 14.06.25
पीजी हेतु : 20.06.25

एनईपी 2020 के अनुरूप प्रस्तावित प्रोग्राम्स (मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प)

**विज्ञान**
- एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी
- एम.एससी. वनस्पति विज्ञान
- एम.एससी. रसायन विज्ञान
- एम.एससी. कंप्यूटर विज्ञान
- एम.एससी. भूगोल
- एम.एससी. भू सूचना विज्ञान (उद्योग एकीकृत)
- एम.एससी. गणित
- एम.एससी. गणित एवं कंप्यूटिंग (उद्योग एकीकृत)
- एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी
- एम.एससी. भौतिकी
- एम.एससी. मनोविज्ञान
- एम.एससी. प्राणीविज्ञान
- एम.एससी. योगा
- गणित में 5-वर्षीय एकीकृत एम.एससी.
- भौतिकी में 5-वर्षीय एकीकृत एम.एससी.

**फार्मास्यूटिकल साइंसेज**
- एम. फार्मेसी (औद्योगिक फार्मेसी)*
- एम. फार्मेसी (ड्रग नियामक मामले)*
- एम. फार्मेसी (फार्माकोलॉजी)*
- बी. फार्मेसी**
- बी. फार्मेसी (एलईईटी)**
- मेडिकल लेबोरेटरी साइंस में बैचलर्स
- बीएमएलटी (एलईईटी)

**वाणिज्य और प्रबंधन**
- मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम.)
- एम.बी.ए. (वित्त, विपणन, एचआर)

**कानून**
- मास्टर ऑफ लॉ (एलएल.एम)

**खेल विज्ञान**
- शारीरिक शिक्षा और खेल में स्नातकोत्तर

**कला**
- एम.ए. अर्थशास्त्र
- एम.ए. अंग्रेजी
- एम.ए. शिक्षा
- एम.ए. फैशन डिजाइनिंग
- एम.ए. हिन्दी
- एम.ए. संगीत
- एम.ए. संस्कृत

**सामाजिक विज्ञान**
- एम.ए. इतिहास
- एम.ए. राजनीति विज्ञान
- एम.ए. समाजशास्त्र

**स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज (एसजेयूसी), ओल्ड कैम्पस**
- बैचलर ऑफ आर्ट्स (पत्रकारिता और जनसंचार)
- बैचलर ऑफ कॉमर्स (डेटा एनालिटिक्स)
- बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ लिबरल आर्ट्स
- शारीरिक शिक्षा और खेल स्नातक (बीपीईएस)
- योगा में बैचलर ऑफ साइंस
- बी.ए. अंग्रेजी ऑनर्स / रिसर्च सहित ऑनर्स
- बीसीए (एआई और एमएल) - उद्योग एकीकृत (आईसीटी विभाग और एसजेयूसी एकीकृत प्रोग्राम)
- बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और क्लाउड कंप्यूटिंग) - उद्योग एकीकृत (आईसीटी विभाग और एसजेयूसी एकीकृत प्रोग्राम)
- भौतिकी में 4 वर्षीय बी.एससी. (ऑनर्स / रिसर्च सहित ऑनर्स) (सेमी-कंडक्टर प्रौद्योगिकी) (भौतिकी विभाग और एसजेयूसी एकीकृत प्रोग्राम)
- बायोटेक्नोलॉजी में 4 वर्षीय बी.एससी. (ऑनर्स / रिसर्च सहित ऑनर्स) (बायोटेक्नोलॉजी विभाग और एसजेयूसी एकीकृत प्रोग्राम)

गाइडेंस और काउंसलिंग में एडवांस पीजी डिप्लोमा (सप्ताह दिवस)

**सप्ताहांत डिप्लोमा कोर्सेज**
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में पीजी डिप्लोमा (पीजीडीसीए)#
- ड्रोन टेक्नोलॉजी में पीजी डिप्लोमा (उद्योग एकीकृत)
- फोरेंसिक साइंस में पीजी डिप्लोमा
- पत्रकारिता और जनसंचार में पीजी डिप्लोमा#
- सामाजिक कार्य में पीजी डिप्लोमा#
- खेल मनोविज्ञान में पीजी डिप्लोमा
- ट्रांसलेशन में पीजी डिप्लोमा (हिंदी/अंग्रेजी)
- खेल प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा
- साइबर सुरक्षा और एथिकल हैकिंग में डिप्लोमा
- डिजिटल फोरेंसिक जांच में डिप्लोमा
- फ्रेंच भाषा में डिप्लोमा
- जर्मन भाषा में डिप्लोमा
- जिम ट्रेनर में डिप्लोमा
- प्रदर्शन और दृश्य कला (नृत्य) में डिप्लोमा
- प्रदर्शन और दृश्य कला (संगीत) में डिप्लोमा
- प्रदर्शन और दृश्य कला (गायन) में डिप्लोमा
- प्रदर्शन और दृश्य कला (थिएटर) में डिप्लोमा

#एनईपी 2020 के अनुसार, प्रोग्राम को द्वितीय वर्ष में एम.ए./एम.एससी. तक बढ़ाया जा सकता है। ● एनईपी 2020 के अनुसार छात्र एक साथ दो प्रोग्राम्स जारी रख सकते हैं।

**सरकार/यूजीसी के निर्देशों के अनुसार प्रवेश कार्यक्रम बदल सकता है**

**एचएसटीईएस के माध्यम से प्रवेश | *अपडेट्स के लिए कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट पर पधारें।

प्रवेश हेल्पलाइन: 9896600683, 9053099982
ई-मेल: admission@cblu.ac.in

विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट : www.cblu.ac.in पर पधारें।

रजिस्ट्रार

संवाद-1401/11/60/2026/35429/सी/88/6 दि. 06.06.25

## खबर संक्षेप

### रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

**नारनौल।** रेलवे द्वारा खाटू श्याम जी एकादशी मेले पर यात्रियो की सुविधा हेतु रेवाड़ी-रींगस रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09633, रेवाड़ी-रींगस मेला स्पेशल रेलसेवा 5 से 7 तक (03 ट्रिप) रेवाड़ी से प्रत्येक वीरवार को 22:50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 01:35 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09634, रींगस-रेवाड़ी मेला स्पेशल रेलसेवा 6 से 8 तक (03 ट्रिप) रींगस से प्रत्येक शुक्रवार को 02:20 बजे रवाना होकर 05.20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

### जमीनी की खरीद फरोख्त में 47.65 लाख की ठगी

**अंबाला।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब के रहने वाले सुरेंद्र सिंह से जमीन की खरीद-फरोख्त में 47.65 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने सुरिंद्र सिंह की शिकायत पर रतनगढ़ के दर्शन सिंह,शक्ति नगर की शोभा रानी व गोपाल कृष्ण चोहडा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुरिंदर सिंह ने बताया कि 8 कनाल 11 मरले जमीन के बेचने का इकरारनामा हुआ था। पूरी जमीन का सौदा दो करोड़ 40 लाख में तय हुआ था।

### एफडी व आरडी पर मोटे ब्याज का लालच देकर ठगी करने का आरोप

# कोऑपरेटिव सोसायटी में 2.25 करोड़ का घोटाला

**जींद, भिवानी, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र व अंबाला के लोगों से की धोखाधड़ी**

- पहले लोगों को सोसायटी का सदस्य बनाया गया, फिर खून पसीने की कमाई को लूट लिया छह पर धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आदि क्रेडिट कॉआपरेटिव सोसायटी के जरिए पांच जिलों में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। सोसायटी पदाधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने साजिशन जींद, भिवानी, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र व अंबाला के लोगों से आरडी व एफडी के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। अंबाला में इस गिरोह के सदस्यों ने अधिक ब्याज का लालच देकर 9 लोगों व अन्य से 2.25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। आदि क्रेडिट कॉआपरेटिव सोसायटी के जरिए हुए इस घोटाले में बड़ी संख्या में लोगों को मोटे




ब्याज का लालच देकर फंसाया गया। पहले लोगों को इस सोसायटी का सदस्य बनाया गया। फिर उनके खून पसीने की कमाई को लूट लिया गया। अब पीड़ित अपनी कमाई के लिए पुलिस के पास ठोकरें खा रहे हैं। इस मामले में सोसायटी के खिलाफ केस दर्ज करवाने मुबारिकपुर के कमल गुप्ता को सोसायटी ने पहले एजेंट बनाया था। उनके जरिये अन्य लोगों को शिकार बनाते हुए पैसे ट्रांसफर करवाए। छावनी पुलिस को दी शिकायत में कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजेश कुमार, प्रियंका सिंह, विशाल सिंह, प्रशांत, राम जनम सिंह व दीपक शुक्ला ने सुनियोजित तरीके से निवेशकों को ठगी के जाल में फंसाया था। उसने बताया कि 2015 में कैथल के कमालपुर के दो व्यक्तियों ने आदि क्रेडिट कॉरपोरेशन सोसायटी के बारे में बताया था जो आरडीएस - एफडीएस व लेन देन तथा लोन देने का काम करती है। वह भी झांसे में आकर कैथल में बतौर एजेंट जुड़ गया था। धीरे-धीरे कंपनी में पैसे लगाने शुरू कर दिए थे। रिश्तेदारों व दोस्तों को बताना शुरू कर दिया था। काफी लोगों ने पैसे भी लगाए थे। सोसायटी के चेयरमैन राजेश सिंह ने झांसे में लेते हुए कहा था कि उनका काम पूरी तरह से कानूनी तौर पर ठीक है। जल्द ही वह आरबीआई से बैंक का लाइसेंस भी अप्लाई करेंगे। बताया था कि उनका जींद में अस्पताल व रियल एस्टेट का कारोबार है। धीरे-धीरे संपर्क में आने वाले संबंधित बीडी स्कूल के पास बैंक में पैसा जमा करवाने लगे। साल 2020 में कोरोना काल तक लाभ मिलता रहा। बाद में लाभ मिलना बंद हो गया। गुप्ता का आरोप है कि अकेले अंबाला में ही सोसायटी ने दर्जनों लोगों से सवा दो करोड़ रुपये की ठगी की है। अन्य जिलों में तो ठगी का यह मामला कई करोड़ में पहुंच जाएगा। गुप्ता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की गुहार लगाई ताकि उनके खून पसीने की कमाई वापिस मिल सके।

### उधारी चुकाने के लिए सहायक शाखा प्रबंधक ने बैंक से 6.62 लाख की चोरी की

- पुलिस की एक टीम ने बैंक व एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी खंगाल रही है

**फरीदाबाद।** उधारी चुकानी के लिए छांयसा थाने में नियुक्त सहायक शाखा प्रबंधक ने बैंक में ही चोरी कर डाली। एटीएम से भी कैश निकाल लिया। बैंक से चोरी किए हुए पैसे तो उसने वापस कर दिए लेकिन एटीएम से निकाले गए पैसे नहीं दिए। अब पुलिस को शिकायत मिलने पर यह मामला दर्ज किया गया है। संदीप कुमार 12 अगस्त 2024 से आठ अप्रैल 2025 तक इसी बैंक की शाखा में सहायक शाखा प्रबंधक के पद पर नियुक्त थे। छांयसा शाखा की एटीएम आफिसर का कार्यभार भी संदीप के पास था । तीन अप्रैल 2025 को संदीप कुमार ने पद का दुरुपयोग करते हुए कैश काउंटर से चार लाख रुपये चोरी कर लिए। कुल 6.62 लाख गायब थे। इस बारे में भी संदीप कुमार से पूछताछ की गई, तब उसने बताया कि उन्होंने शाखा के एटीएम से कैश निकाल लिए हैं। उससे यह रकम भी वापस देने के लिए कहा गया तो उसने 2.30 लाख रुपये जमा करा दिए। अब उस पर 4.32 लाख रुपये बकाया है। जिसे उसने जमा नहीं कराया है।


हांसी। विदेशी नंबर से फोन मामले में चारों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### जर्मनी से आई कॉल, बोला-टेंडर में भाग न लेना

## हांसी में शराब ठेकेदार से मांगी रंगदारी, 4 आरोपी गिरफ्तार

- पिस्तौल और कारतूस बरामद पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

निकटवर्ती गांव सुल्तानपुर में शराब ठेकेदार से जर्मनी से रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से एक पिस्तौल और 7 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। **विदेशी नंबर से कॉलः** मामले की जानकारी देते हुए सुल्तानपुर निवासी संदीप ने बताया कि वह पिछले छह साल से शराब व्यवसाय में जुड़ा है। उसके पास सुल्तानपुर ग्रुप के तहत पांच शराब ठेके थे। 31 मई की रात करीब 9:30 बजे उसे एक अनजान विदेशी नंबर से कॉल आई। जांच में सामने आया कि कॉल जर्मनी से की गई थी। फोन करने वाले ने संदीप को आगामी शराब ठेकों की नीलामी में हिस्सा न लेने की चेतावनी दी। संदीप ने बताया कि कॉलर ने उसे धमकी भरे लहजे में कहा, कि अगर तू टेंडर में भाग लेगा, तो अंजाम खुद भुगतेगा। संदीप ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इससे पहले इसी प्रकार की धमकी उसके चाचा पवन को भी दी गई थी, जिसमें फिरौती के रूप में हर सदस्य को 50 हजार रुपये प्रति माह देने की मांग की गई थी।

### सीएम फ्लाइंग के नप कार्यालय में छापे से हड़कंप

## ड्यूटी पर देरी से पहुंचे 4 कर्मचारी, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को भिवानी की नगर परिषद में छापेमारी की। करीब 5 घंटे तक टीम ने छापेमारी की और रिकार्ड खंगाला। इस दौरान नगर परिषद के 4 कर्मचारी देरी से पहुंचे। जिन्हें नगर परिषद की तरफ से नोटिस थमाया गया है। साथ ही नगर परिषद में पहुंची लोगों की शिकायतों से संबंधित रिकार्ड की भी जांच की। नगर परिषद के ईओ राजाराम ने बताया कि रोहतक सीएम फ्लाइंग की टीम ने भिवानी नगर परिषद में रेड की। सुबह करीब 9 बजे ही टीम पहुंच गई


भिवानी। छापे के दौरान रिकार्ड की जांच करता दस्ता। फोटो : हरिभूमि

थी। टीम ने सभी कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर चेक किए। नगर परिषद का रिकार्ड भी खंगाला। नगर परिषद के 4 कर्मचारी देरी से आए, उनको नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं सीएम फ्लाइंग ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित रिकार्ड खंगाला है।

### बिजली के लोहे के खंभे यूपी बेचने जा रहा कबाड़ी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने ट्रैक्टर ट्राली से चोरी का सामान बरामद किया है। कबाड़ी मुस्तकीम पर बिजली निगम के ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर लोहे के खंभे खरीदने का आरोप है। वह इन खंभो को लेकर उत्तर प्रदेश बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सीआई टू पुलिस टीम में तैनात सिपाही अंकित कुमार ने बताया कि वह गुलाबनगर चौक जगाधरी के पास गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव खांडरा निवासी कबाड़ी मुस्तकीम बिजली निगम के ठेकेदारों से मिलीभगत कर चोरी के लोहे के खंभे खरीदता है।

### सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो पोस्ट की, युवक काबू

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर अवैध रूप से हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजेश कुमार पुत्र जय सिंह, निवासी गांव धांगड़, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने 24 मार्च को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक ने अवैध हथियार के साथ अपनी फोटो फेसबुक पर पोस्ट की है। पुलिस ने आडी जांच की।

## एमटीपी किट बेचते केमिस्ट और लैब संचालक गिरफ्तार

**सिविल अस्पताल के निकट एक हजार में सौदा**

- केमिस्ट शॉप को सील कर लाइसेंस रद करने की जा रही है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम सेक्टर-10 एरिया में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिविल अस्पताल के निकट एमपीटी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) किट बेचते कैमिस्ट और लैब संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक हजार रुपए में एमटीपी किट बेच रहे थे। टीम ने दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही केमिस्ट शॉप को सील कर लाइसेंस रद करने की कार्रवाई की जा रही है। ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर सुरेश वर्मा ने बताया कि उन्हें सिविल अस्पताल सेक्टर-10 के पास एमटीपी किट बेचे जाने के गोरख धंधे की सूचना मिली थी। इस सूचना की जानकारी सिविल सर्जन को देकर एक टीम का गठन कराया गया। इसके साथ ही एक गर्भवती महिला को डेकॉय कस्टमर बनाकर केमिस्ट शॉप पर भेजा गया जहां केमिस्ट ने एक हजार रुपए लेकर यह किट महिला को उपलब्ध करा दी। वहीं, इसी दौरान टीम को यह पता लगा कि एक लैब पर भी एमटीपी किट बेची जा रही है। इस पर डेकॉय कस्टमर को लैब पर भी भेजा गया।

### विदेशी मूल के आरोपियों से कोकीन व नशीली गोलियां बरामद

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों सहित महिला सहित विदेशी मूल के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 15 ग्राम कोकीन व 29 नशीली गोलियां बरामद कर सेक्टर-56 थाना में केस दर्ज कर लिया। दरअसल, सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि सुशांतलोक के डी-ब्लॉक एरिया में अवैध कोकीन सप्लाई की जा रही है। जिस पर टीम ने मौके पर रेड की और 15 ग्राम कोकीन व 29 नशीली गोलियां के साथ विदेशी मूल के दो आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी अफ्रीका के स्टेनर को 08.24 ग्राम अवैध कोकीन सहित काबू किया।

### पंजाब से हेरोइन लाकर बेचता था कार सवार तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस गश्त के दौरान गांव धर्मपुरा क्षेत्र से कार सवार युवक को करीब 15 लाख रुपए की 292.96 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। डबवाली थाना प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि एएसआई सतपाल सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा गांव धर्मपुरा के पास मौजूद थे। एएसआई को विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति पंजाब से नशा लाकर हरियाणा में बेचता है। गाड़ी का चालक गाड़ी वापस घुमाने लगा तो गाड़ी बंद हो गई। तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 292.96 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।




# अब आ गए 'नमक' से चलने वाले स्कूटर, पेट्रोल भरवाने की टेंशन ही खत्म

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगर आपने अब तक पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर्स ही चलाए हैं तो अब शायद कुछ ही सालों में सड़कों पर आपको नमक से चलने वाले स्कूटर भी देखने को मिल सकते हैं।

■ अभी साधारणत: ईवी स्कूटर में लिथियम आयन बैटरी होती है

दरअसल ये भी इलेक्ट्रिक स्कूटर ही होंगे लेकिन इनमें जो बैटरी इस्तेमाल होगी ये साधारण लिथियम आयन बैटरी नहीं होगी बल्कि ये सॉल्ट आयन बैटरी होगी जो सी-सॉल्ट से तैयार की जाएगी। चीन की सड़कों पर आपको इलेक्ट्रिक स्कूटर मिलेंगे, जो समुद्री नमक से बनी सोडियम-आयन बैटरी से चलते हैं। ये स्कूटर्स पूरे देश में हैं और लोग इन्हें दुकानों, दफ्तरों, मेट्रो स्टेशनों और हर जगह ले जाते हैं, क्योंकि ये व्यावहारिक हैं और तेजी से चार्ज भी हो जाते हैं। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर्स आम तौर पर 400 से 660 डॉलर (35,000 रुपए से लेकर 51,000 रुपए) की कीमत में बेचे जाते हैं।

### हांग्जो में लाइव टेस्ट ड्राइव

ये नए तरीके के स्कूटर हांग्जो में एक शॉपिंग मॉल के सामने टेस्ट किए गए और इन्हें जनता के सामने पेश किया गया है। इनके पास स्पेशल चार्जिंग स्टेशन लगाए गए थे, जिससे इनकी बैटरी को 15 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज की जा सकता है।

## इस स्कूटर की बैटरी सी-सॉल्ट से तैयार की जाएगी

### लिथियम के मुकाबले सस्ता और स्मार्ट विकल्प

आज के समय में जब दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है, लिथियम की सीमित उपलब्धता और ऊंची लागत एक बड़ी चिंता बन चुकी है। इसके अलावा, लिथियम खनन से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसके उलट, सोडियम एक सस्ता, व्यापक रूप से उपलब्ध और पर्यावरण-सुलभ विकल्प है, जिससे यह तकनीक अधिक टिकाऊ बन जाती है।



*सोडियम - लिथियम का ईकोसिस्टम :* लिथियम-आयन या लेड-एसिड बैटरी के बजाय, इलेक्ट्रिक स्कूटर की नई पीढ़ी समुद्री नमक से निकाले गए सोडियम-आयन बैटरी का उपयोग करती है। यह न केवल एक सस्ता समाधान है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता को कम करने में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। याडिया ने इस तकनीक पर आधारित 3 अलग-अलग मॉडल पेश किए हैं, जिनकी कीमत 400 से 660 डॉलर के बीच है।

*ये बैटरी होती है इस्तेमाल :* ये इलेक्ट्रिक स्कूटर्स लेड-एसिड या लिथियम-आयन सेल से नहीं चलते हैं जिनका आमतौर पर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स में इस्तेमाल किया जाता है, इन्हें चलाने के लिए इनकी बैटरी सोडियम से बनी होती हैं, जो समुद्री नमक से निकाला जा सकने वाला एक प्रचुर तत्व है।

**NOTICE**

I, Anita W/o Late Sh. Sunil Dahiya R/o House No. 418 Ward No. 12, Sector-1, Rohtak, Haryana-124001, declare that name of my minor daughter has been written as SWECHHA instead of Swechha Dahiya, in her class 10th marksheet and certificate, at present she is 17 Years old. The actual name of my minor daughter is Swechha Dahiya, Which may be amended accordingly.

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE A.H. Sayyed, MEMBER MACT- 4, 4th Floor ROOM No. 409, (New G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.**

**Claim Petition No. 771/22**
**Process No. 677 F.F. 16/07/2025**

**Petitioner : Navin**
*-versus-*
**Respondent : Tata**

To,
**Varuna Integrated Logistic Pvt. Ltd. R/o Khueri Dungerwar NH 8 Dist. Rewari Hariyana.**

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble Member M.A.C.T. - 4, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **16/07/2025**, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **01th** day of **February 2025.**

Nagpur Dt. 01/02/2025 Seal Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur
Prasanna Publicity 9326927622

**सरपंच ग्राम पंचायत, किरावड़**
**खण्ड बवानी खेड़ा, जिला भिवानी (हरियाणा)**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किरावड़ के एक तालाब डाभ वाला की मछली पालन हेतु पांच वर्ष के लिए रविदास भवन में दिनांक 12.06.2025 को सुबह 10 बजे खुली बोली की जाएगी और सिक्योरिटी राशि मु. 20,000/- मौके पर जमा करवानी होगी और बाकी के नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

ग्राम सचिव मनोज कुमार, ग्राम पंचायत किरावड़
हस्ता/- सुरेश कुमार, सरपंच, ग्राम पंचायत किरावड़ मो. 9306254909

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक पर साइकिल, स्कूटर/ मोटरसाइकिल पार्किंग की आम सार्वजनिक नीलामी पुनः दिनांक 10.06.2025 को बस स्टैन्ड रोहतक परिसर मे खुली बोली के माध्यम से होनी निश्चित हुई है साइकिल, स्कूटर / मोटरसाइकिल का विवरण व पॉलिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक से प्राप्त किए जा सकते हैं।

पीआरडीएच-1119/11/678/2026/35441/88/6 दि. 06.06.25

## खबर संक्षेप

### यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने ब्याज दर में 0.25% कटौती की



**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने कारोबारों एवं उपभोक्ताओं को समर्थन देने के लिए आठवीं बार अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। केंद्रीय बैंक की दर-निर्धारण परिषद ने रेपो दर में एक चौथाई अंक की कटौती करने का फैसला किया। मानक ब्याज दर घटकर दो प्रतिशत रह गई है।

### गेल ने दाभोल एलएनजी टर्मिनल का किया संचालन

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल ने महाराष्ट्र के दाभोल में अपने 50 लाख टन सालाना तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयात टर्मिनल का संचालन पूरी क्षमता से शुरू कर दिया है। कंपनी को रत्नागिरी टर्मिनल (दाभोल एलएनजी संयंत्र) को हर साल 25 मई से चार महीने के लिए बंद करना पड़ता था। समुद्र में ऊंची लहरों से जहाजों को नुकसान न पहुंचे।

### ओपनएआई ने भारत में खोली एआई अकादमी



**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा टूल चैटजीपीटी का विकास करने वाली कंपनी ओपनएआई ने भारत में एआई के भविष्य पर एक बड़ा दांव लगाते हुए कहा कि भारत के पास एआई प्रतिभा की अगुवाई करने का तगड़ा मौका है। ओपनएआई अकादमी इंडिया का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। क्वॉन ने कहा कि चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता देश भारत जुड़ाव के मामले में कंपनी के लिए सबसे अहम बाजारों में से एक है।

# बूस्टर डोज साबित होगा आरबीआई का कदम
# कर्ज की मांग बढ़ेगी, आर्थिक वृद्धि को मिलेगी गति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के शीर्ष अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को एक प्रतिशत घटाने के फैसले से खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज मांग में तेजी आने के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ेगा और कुल मिलाकर आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।

महंगाई दर में नरमी के बीच आरबीआई ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की।

### समय पर नीतिगत बदलाव

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "आरबीआई द्वारा रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।'



### कृषि क्षेत्र के लिए शुभ संकेत

विनोद कुमार ने कहा, "ऋण वृद्धि पर आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई बहुत सक्रिय कदम उठा रहा है। कम ब्याज दरें, विशेष रूप से किफायती आवास के लिए खुदरा मांग को बढ़ावा देंगी। अच्छे मानसून के साथ कम ब्याज दरें कृषि क्षेत्र के लिए शुभ संकेत हैं।'

### बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ की नगदी बढ़ेगी

श्रीवास्तव ने कहा, "सीआरआर में कटौती के निर्णय से बैंकिंग प्रणाली में नकदी में 2.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से ऋण के मोर्चे पर स्थिति अच्छी होने की उम्मीद है...हमारा मानना है कि इन फैसलों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कर्ज विस्तार जरूरी गति मिलने की उम्मीद है, जो समावेशी आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा।"

### एमएसएमई में ऋण मांग बढ़ेगी

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ बिनोद कुमार ने कहा, "आरबीआई द्वारा रेपो दर में कटौती से खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्यम) जैसे क्षेत्रों में ऋण मांग में वृद्धि होगी। इससे निजी पूंजीगत व्यय को भी बढ़ावा मिलेगा। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास अधिक नकदी उपलब्ध होगी।"

*समग्र मांग को बढ़ावा मिलेगा* निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा, "रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक घटाने की घोषणा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर समग्र मांग को बढ़ावा देने के केंद्रीय बैंक के प्रयासों को दर्शाता है।"

### आर्थिक गति को मजबूद दिशा मिलेगी

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ त्रिभुवन अधिकारी ने कहा, "रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती आरबीआई द्वारा उठाया गया एक साहसिक कदम है। फरवरी 2025 से नीतिगत दर में एक प्रतिशत की कटौती आर्थिक गति को तेज करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जबकि मुद्रास्फीति को प्रबंधनीय स्तरों के भीतर रखा गया है।"

### बैंकिंग प्रणाली में अधिक नकदी आएगी

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) जॉन मुथूट ने रेपो दर में कटौती पर कहा, "आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा समावेशी वृद्धि को समर्थन देने की दिशा में समय पर उठाया गया और विवेकपूर्ण कदम है। रेपो दर में कटौती और सीआरआर में कमी की घोषणा से न केवल कोष की लागत कम होगी बल्कि बैंक प्रणाली में अधिक नकदी भी आएगी।"

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | न्यू चिन्योट कॉलोनी, रोहतक में वैद्युत अवसंरचना की आपूर्ति व स्थापना + 2 कार्य। | 05.06.2025 13.06.2025 | 57.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 [illegible]@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35433/I/88/6 दि. 06.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप ए औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 53.25 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को मेडिकल ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 9.90 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 96.33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को मेडिकल नॉन ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 11.22 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35423/I/88/6 दि. 06.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन आईए, एचवीपीएनएल, हिसार में पुराने और जंग लगे हुये सब स्टेशन टावर्स, सहारा देने वाली संरचनाओं की पेंटिंग और रिफरबिशमेंट हेतु विशेष आकलन। | 05.06.2025 23.06.2025 | 7.49 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | अम्बाला, पंचकूला और रेवाड़ी क्षेत्र में 66 केवी और 132 केवी कम्पोजिट ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण। | 05.06.2025 01.07.2025 | ईएमडी 57.17 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | बाढ़ बचाओ उपायों के तौर पर 132 केवी सब स्टेशन चरखी दादरी-1 में चारदिवारी, यू/सी फेंसिंग और रैम्प्स का निर्माण। | 05.06.2025 26.06.2025 | 40.92 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, डींग (हिसार) में बाढ़ रोधी दीवार का निर्माण। | 05.06.2025 26.06.2025 | 99.09 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35443/I/88/6 दि. 06.06.25

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री तीन फीसदी घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई।

# रेपो दर में कटौती से सेंसेक्स 747 अंक उछला, निफ्टी फिर 25,000 के पार

एजेंसी ▸▸| मुंबई



■ शेयर बाजार को रास आया आरबीआई का फैसला

■ आरबीआई के फैसले को समर्थन मिलने की उम्मीद में उछला बाजार

नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया।

आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। मौद्रिक नीति समिति की बैठक का नतीजा आने के पहले थोड़ा सतर्क रुख था लेकिन रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।/"

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटा : मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### फरीदाबाद में ....

माह तक सेवाएं दी। इस बीच एडवोकेट संजय गुप्ता ने विजिलेंस और पुलिस में डा.पंकज मोहन शर्मा की चिकित्सीय योग्यता पर सवाल उठाते हुए उनकी डिग्री की जांच की मांग की। इस पर हार्ट सेंटर प्रबंधन ने डा.पंकज मोहन शर्मा से जवाब तलबी की। जब डा. पंकज शर्मा ने स्वयं को घिरता पाया तो सेंटर जाना बंद कर दिया। मामले की परतें उधेड़ी गई तो यह पता चला कि प्रसिद्ध कार्डियोलाजिस्ट डॉ. पंकज मोहन जो रेलवे रोड पर अपने क्लीनिक में प्रेक्टिस करते हैं। उनके हम नाम होने का फायदा उठाते हुए डा.पंकज मोहन शर्मा ने हार्ट सेंटर में नियुक्ति पा ली। डॉ. पंकज मोहन शर्मा ने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. पंकज मोहन के रजिस्ट्रेशन नंबर 2456 का दुरुपयोग किया, जबकि सामान्य एमबीबीएस डॉ. पंकज मोहन का रजिस्ट्रेशन नंबर 28482 है।

**सीएम को की गई शिकायत :** हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. पंकज मोहन के अधिवक्ता संजय गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस में दी है। अब मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दी है और फर्जी तरीके से प्रैक्टिस करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में हार्ट सेंटर के चेयरमैन डॉ. प्रताप कुमार ने बताया कि उन्होंने डा. पंकज मोहन शर्मा की डिग्री मांगी थी, वह दिखा नहीं पाए। इसलिए उनकी सेवाएं समाप्त की गई हैं

## शब्द पहेली - 5890



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**


1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 5889 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | म | शा | न | | म | ति | मं | द | |
| क | | | य | | वी | | रं | | | शै |
| र | | प | र | व | र | दि | गा | र | | ता |
| ता | ड़ | ना | | | वा | | | ज | वा | न |
| र | | ह | | प | र | दा | | त | री | |
| | नी | | गै | र | | म | जा | | स | |
| | र | वि | | म | न | न | | स | | आ |
| ग | ज | रा | | | फा | | | ह | की | म |
| र | | म | ह | सू | स | क | र | ना | | द |
| म | | | रा | | त | | खै | | | नी |
| | सो | म | ना | थ | | य | ल | गा | र | |



# देश के पहले केबल-स्टे रेल ब्रिज अंजी पुल का अद्भुत नजारा, पीएम ने की चहल-कदमी









## उम्मीद है जम्मू-कश्मीर फिर से पूर्ण राज्य बनेगा: उमर



कटरा (जम्मू-कश्मीर) (भाषा)। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कश्मीर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के मौके पर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा उठाया। अब्दुल्ला ने कहा कि 'इस मंच पर चार व्यक्ति हैं जो कटरा रेलवे स्टेशन के उद्घाटन (2014 में) के समय उपस्थित थे। आप चुनाव जीतकर आए थे, पहली बार प्रधानमंत्री बने थे।

उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री (एमओएस) जितेंद्र सिंह मौजूद थे और हमारे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा साहब रेल राज्य मंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और मैं मुख्यमंत्री के तौर पर यहां था। यदि आप देखें तो माता (वैष्णो देवी) के आशीर्वाद से सिन्हा को पदोन्नति मिली है और मुझे पदावनति। मैं पहले एक राज्य का मुख्यमंत्री था और अब मैं केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। हालांकि, मेरा मानना है कि इसे ठीक करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.... आपके कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा मिलेगा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पूर्ववर्ती राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। अब्दुल्ला ने कहा कि कई लोगों ने कश्मीर में ट्रेन चलने का सपना देखा था। कश्मीर को रेल से जोड़ने का सपना तो अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

## मोदी के दृढ़ संकल्प से कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ पाना संभव हुआ : वैष्णव

■ वैष्णव ने कटरा में मोदी के कश्मीर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर की टिप्पणी

कटर (भाषा)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण कश्मीर को रेल मार्ग के जरिये देश के शेष हिस्सों से जोड़ने का सपना साकार हो गया है। उन्होंने कहा, "देश का दशकों से जम्मू-श्रीनगर-बारामुला रेलवे लाइन का सपना था। इसमें कई कठिनाइयां थीं, जैसे ऊंचे पर्वत और गहरी घाटियां। लेकिन हमें प्रकृति से नहीं लड़ना है... पुलों और सुरंगों के नेटवर्क के माध्यम से यह रेलवे लाइन हकीकत में तब्दील हो गई।" वैष्णव ने कटरा में प्रधानमंत्री द्वारा कश्मीर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर कहा कि यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति और ठोस प्रयास के कारण संभव हुआ।" उन्होंने रेल लाइन का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि "मां भारती के मुकुट में एक और रत्न जुड़ गया है।

### मोदी सरकार के 11 साल, भाजपा ने उपलब्धियां गिनाईं, पीएम बोले

# युवा विकसित भारत संकल्प के अहम भागीदार

### पीएम ने 11 साल पूरे होने पर युवाओं और विकसित भारत को लेकर वीडियो पोस्ट किया है। बोले मेडिकल कॉलेज दोगुने हुए, 17 करोड़ नौकरियां निकलीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार के 11 साल 9 जून को पूरे हो रहे हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने ई-बुक जारी कर 11 सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। इसे 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' नाम दिया गया है। ई-बुक में अनुसार, मोदी सरकार में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में दोगुनी हुई हैं। 2014 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 थी, जो 2025 में बढ़कर 780 हो गईं। वहीं, एमबीबीएस सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार ने पिछले 11 सालों में 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकाली हैं। स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को नौकरी मिली है। स्किल इंडिया मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है।

केंद्र ने ई-बुक जारी कर इसे 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' नाम दिया

#### युवाओं को सशक्त बनाना राष्ट्र के लिए किया जा सकने वाला सबसे प्रभावशाली काम



■ मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी

*प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए कई कार्यक्रमों का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की कई पहल इस दृढ़ विश्वास पर आधारित हैं कि युवाओं को सशक्त बनाना राष्ट्र द्वारा किया जा सकने वाला सबसे प्रभावशाली काम है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "भारत के युवाओं ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हमारी युवा शक्ति गतिशील, नवोन्मेषी और दृढ़ संकल्पित है। हमारे युवाओं ने बेजोड़ ऊर्जा और दृढ़ विश्वास के साथ भारत के विकास को गति दी है।' उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में भारत में ऐसे युवाओं के उल्लेखनीय उदाहरण देखने को मिले हैं जिन्होंने स्टार्टअप, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा, संस्कृति आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में "अकल्पनीय" कार्य किए हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में युवा सशक्तीकरण के उद्देश्य से नीति और कार्यक्रमों में निर्णायक बदलाव देखा गया है। 'स्टार्टअप इंडिया', 'स्किल इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी सरकारी पहल इस दृढ़ विश्वास पर आधारित हैं कि युवाओं को सशक्त बनाना राष्ट्र द्वारा किया जा सकने वाला सबसे प्रभावशाली काम है।' प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि युवा 'विकसित भारत' के निर्माण के प्रयासों को निरंतर मजबूत करते रहेंगे।*

# राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिर किया 'आत्मसमर्पण' वाला कटाक्ष

भाषा ▶▶| राजगीर (बिहार)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी पर फिर आत्मसमर्पण वाला कटाक्ष दोहराया, जिस पर हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने नाराजगी जताई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह बात बिहार में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में कही। इससे कुछ दिन पहले उन्होंने मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाया था। गांधी ने नालंदा जिले के राजगीर में कहा, "ट्रंप ने कम से कम 11 बार कहा है कि उन्होंने मोदी को मजबूर किया है। हमारे प्रधानमंत्री विरोध में एक शब्द भी नहीं कह पा रहे। कारण यह है कि ट्रंप ने जो कहा है, वही हकीकत है।" उल्लेखनीय है कि गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भोपाल में दावा किया था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के चरम पर होने पर ट्रंप ने मोदी से कहा था, "नरेन्द्र, सरेंडर"। इस टिप्पणी से भाजपा नाराज हो गई थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसे "देशद्रोह" कहा था।



## दशरथ मांझी के बेटे बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से टिकट मांगेंगे

गयाजी (बिहार)। 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के बेटे भगीरथ ने शुक्रवार को खुलासा किया कि वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का टिकट चाहते हैं। वह हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल(यूनाइटेड) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। भागीरथ ने राहुल गांधी के बेलदौर गांव के दौरे से पहले बात की। उनके पिता बेलदौर गांव से ही ताल्लुक रखते थे। उन्होंने कहा, कि आप हमारे घर को देख सकते हैं। हमारे पास अभी भी पक्का मकान नहीं है। मैं राहुल गांधी से जो पहला अनुरोध करना चाहूंगा, वह है हमें पक्का मकान मुहैया कराना।" भगीरथ, अपने पिता के जीवनकाल में नीतीश कुमार द्वारा दलित राजमिस्त्री को अपनी कुर्सी पर बैठाने के कार्य से भी प्रभावित नहीं दिखे। नाराज बेटे ने कहा कि उससे मेरे पिता और उनके परिवार को क्या लाभ मिला?

## सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा जमानत पर रिहा

कोलकाता (भाषा)। सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

### श्रीनेत ने इंदिरा भवन में पत्रकारवार्ता की

## कांग्रेस ने विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों की उपलब्धियों पर सवाल उठाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि यह भारत के सम्मान और गौरव को खतरे में डाल रही है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। अब सिर्फ ट्रंप ही नहीं बल्कि रूस भी मानता है कि उन्होंने युद्ध विराम कराया। यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। सरेंडर प्रधानमंत्री की चुप्पी ये चीख-चीखकर कह रही है कि उन्होंने दबाव में आकर संघर्ष विराम किया है। उन्होंने आगे कहा कि कनाडा जैसे देश ने भारत को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया। जिस पाकिस्तान को भारत ने 2014 से पहले अलग-थलग कर दिया था, वह अब विश्व मंच पर हीरो बनकर उभर रहा है।

## मुंबई के जूनियर इंजीनियर पांडे को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली(ब्यूरो)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई के जूनियर इंजीनियर डी.सी. पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। पांडे जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग/रोड) जीई (नॉर्थ वेस्ट) कार्यालय, नोफ्रा, मुंबई में कार्यरत हैं। उन्हें सीबीआई ने 4.5 लाख की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एक सुनियोजित स्टिंग ऑपरेशन के तहत की गई। सीबीआई को शिकायत मिली थी कि पांडे ने ठेकेदार या पक्षकार से उनके पक्ष में कुछ कार्य करने के बदले में 4.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

## नौसेना के जंगी बेड़े में 18 जून को शामिल होगा 'अर्णाला' पोत

विशाखापट्टनम में आयोजित किया जाएगा समारोह, सीडीएस करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली(ब्यूरो)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ संबंधों में जारी तनातनी के बीच 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े की ताकत बढ़ने वाली है। क्योंकि इसी दिन पनडुब्बी रोधी उथले पानी की श्रेणी वाले पहले पोत 'अर्णाला' को नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना ने बताया कि इसे लेकर विशाखापट्टनम स्थित नौसेना के डॉकयार्ड में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। पोत का अर्णाला नाम महाराष्ट्र के वसई स्थित ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर रखा गया है।

## मनसे गठबंधन पर बोले-उद्धव महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा

मुंबई (भाषा)। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना की अटकलों के बीच शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग जो चाहेंगे, वही होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस बारे में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के मन में कोई भ्रम नहीं है। ठाकरे ने कहा कि "महाराष्ट्र के लोग जो चाहेंगे, वही होगा। उद्धव और राज ठाकरे द्वारा हाल ही में दिए गए बयानों ने दोनों के बीच संभावित सुलह की अटकलों को हवा दे दी है। दोनों के बयानों से संकेत मिला है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के अलगाव के बाद फिर से हाथ मिला सकते हैं। राज ठाकरे ने हाल ही में कहा था कि मराठी मानुष (मराठी भाषी लोगों) के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं है, वहीं उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयों को किनारे रखने के लिए तैयार हैं।



## संघ कार्यकर्ता साधारण जीवन जीते हैं, लेकिन अपने कार्यों से असाधारण मुकाम हासिल करते हैं: भागवत

■ संघ प्रमुख ने नागपुर में दो पुस्तकों 'संघ – जीवन भाग 1 और 2' के विमोचन किया

मुंबई (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि संघ कार्यकर्ता साधारण जीवन जीते हैं, लेकिन समाज के उत्थान के लिए प्रयास करते हुए अक्सर अपने कार्यों से असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। नागपुर में दो पुस्तकों - 'संघ - जीवन भाग 1 और 2' के विमोचन के अवसर पर भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक बिना किसी पहचान या प्रशंसा की इच्छा के अपने कर्तव्यों का निर्वाह सहजता से करते हैं। संघ का मुख्यालय नागपुर में है। इस साल अक्टूबर में संघ की स्थापना 100 साल पूरे हो जाएंगे। संघ कार्यकर्ता सभी की मदद करते हैं, साधारण जीवन जीते हैं, लेकिन अनजाने में असाधारण मुकाम हासिल कर लेते हैं। वे जानते हैं कि पूरे समाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए। वे सहजता से अच्छा काम करते हैं; उन्हें कोई अतिरिक्त विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता।



# हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.00 से 0.20 कि.मी. और आरडी 2.40 से 3.10 कि.मी. तक उत्तावर सिकरावा भादस रोड (आईडी 11131) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (एमडीआर-135) (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.06.2025 | 258.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | हैड नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX के तहत कैथल जिले में कलायत से बालू से कसान (आईडी 6771) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 1 कार्य। | 05.06.2025 18.06.2025 | 1338.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र के 05 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में शाहपुर से जीवनपुर रोड तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11974) (II) जीन्द जिले में आरडी 0.00 से 0.57 कि.मी. तक घास्सो खुर्द से रेलवे स्टेशन तक (रोड आईडी 10080) (III) जीन्द जिले में कि.मी. 0.00 से 2.52 तक एनएच-71 (बिजली बोर्ड के निकट) से एनजीएम/कपास मण्डी उचाना तक (रोड आईडी 9408) (IV) जीन्द जिले में थुआ से मण्डी कालान रोड तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11979) (V) जीन्द जिले में आरडी 0.38 से 0.64 कि.मी. तक संदिल से कमालपुर (रोड आईडी 12068) + 2 कार्य। | 05.06.2025 16.06.2025 | 964.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में प्रांतीय उपमंडल, लोनिवि भ व प शाखा बरवाला में बरवाला स्टोर में 11.2 मि.मी. गेज बजरी और स्टोन मैटल 53 से 22.4 मिमी गेज की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | 04.06.2025 10.06.2025 | 11.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूपी 2025-2026 के तहत (कलायत निर्वाचन क्षेत्र) 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) राजौंद से किठाना आरडी 9.80 से 10.02 कि.मी. (रोड आईडी 6932) (II) कुकरकांडा मुंढवाल रोड से गांव रोहाड़ा (आईडी 9495) (III) कैथल में अप्रोच रोड से पेगान विश्राम गृह तक (रोड आईडी 6934) (IV) कैथल जिले में गुलियाना से गुलियाना धर्मशाला (रोड आईडी 9427)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 321.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | पीडी-1, कुरूक्षेत्र के तहत पीएसडी-1, पेहोवा के तहत 2 अदद सड़कों का मजबूतीकरण (रोड आईडी 7837 और 7885) सी.एम. घोषणा सं. 26073 दिनांक 06.04.2022 और 26075 दिनांक 06.04.2022)। | 03.06.2025 16.06.2025 | 96.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744239442 pwd-eepd1-kurukshetra@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुना नगर जिला में सढ़ौरा से कपाल मोचन वाया माचरोली परभौली रोड तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करने का प्रावधान, आईडी 992 (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 14.06.2025 | 421.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सीसी ब्लॉक्स के प्रावधान द्वारा जगाधरी बिलासपुर रोड (आईडी 442) (एसएच-01) किमी. 11.931 से 12.056 और 12.50 से 13.36) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (डब्ल्यूपी-2025-26)। | 02.06.2025 11.06.2025 | 209.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | 1. कैथल में कैथल ड्रेन से प्रस्तावित बाईपास तक अम्बाला रोड के पौधारोपण के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 4 अन्य। | 10.06.2025 16.06.2025 | 31.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय कॉलोनी, हिसार में रेवेन्यू कॉलोनी का निर्माण (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 04.06.2025 11.06.2025 | 20.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा और यूपीएस इत्यादि का प्रावधान) + 1 कार्य। | 04.06.2025 11.06.2025 | 30.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (आरडी कि.मी. 0.00 से 0.800) अम्बाला कैंट में घसीटपुर रेलवे क्रॉसिंग के टांगड़ी नदी बंध तक रोड का निर्माण (सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 05.06.2025 11.06.2025 | 44.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प हिसार | नाबार्ड स्कीम (आरआईडीएफ-XXX) के तहत मुकलान से शरवा रोड (रोड आईडी 4968 कि.मी. 2.600) (रोड आईडी 4969 कि.मी. 4.400) और (रोड आईडी 4757 कि.मी. 12.710) आरडी 0.00 से 19.740 के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.06.2025 | 1569.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड एल्यूमीनियम फोस्फाइड की खरीद। | 07.06.2025 23.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मल्टीलेयर्ड एक्सट्रूडेड क्रॉस लेमिनेटेड कवर्स (अन्य विशिष्टियां नवीनतम संशोधनों सहित आईएस-14611 के अनुरूप होंगी)। | 07.06.2025 23.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अलीपुर से महमूदपुर ब्लॉक तिगांव जिला फरीदाबाद तक आईपीबी सहित रास्ता और टो वॉल्स की पेवमेंट, एचजीवीवाई केके + 1 कार्य। | 05.06.2025 11.06.2025 | 61.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज पंचकूला | कंडाईवाला – ब्लॉक बरवाला जिला पंचकूला में गांव कंडाईवाला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 04.06.2025 10.06.2025 | 91.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 18 | सिविल सर्जन भिवानी | पीवीसी वॉल पैनर शीट के लिए ई-निविदा। | 06.06.2025 16.06.2025 | ईएमडी 4000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 19 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रानियां कस्बा :- एक अदद संग्रहण टैंक आकार :- 11.00×7.00×2.44 एम, पम्प चेम्बर 1 अदद आकार :- 3.05×3.66 एम, लोहे के गेट सहित चारदिवारी का निर्माण, इलैक्ट्रिक कंट्रोल पैनल बोर्ड 8500 एलपीएम व 20 एमटीआरएस. हैड सहित पम्पिंग मशीनरी की स्थापना, विद्युत स्थापना, रानियां कस्बे में विभिन्न आकार के आरसीसी पाइप का प्रावधान व बिछाना, राइजिंग मेन 600 मिमी आई/डी को बिछाना, रोड गल्ली / कनेक्शन का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 05.06.2025 19.06.2025 | 243.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 20 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा टाउन :- सिरसा जिले में एनएच-09 के साथ सिरसा जंक्शन के मिनी बाईपास पर कि.मी. 226/1-2 रेवाड़ी बठिंडा सेक्शन पर एलसी-146 एसपीएल पर आरओबी के निर्माण हेतु 200 मिमी आई/डी एसडब्ल्यू पाइप्स और 600 मिमी आईडी आरसीसी पाइप (सीवर लाइन की शिफ्टिंग) का प्रावधान, बिछाना, ज्वाइंटिंग, कटिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 05.06.2025 12.06.2025 | 55.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7569696969 eepsirsa@gmail.com |
| 21 | सिविल सर्जन सिरसा | मेडिसन, कोविड मदें और ऑर्थो इम्प्लांट 2025-26, जिला सिरसा हेतु ई-निविदा। | 06.06.2025 13.06.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 22 | महिला एवं बाल विकास, फतेहाबाद | एसएनपी और विविध मद आपूर्ति परिवहन निविदा के लिए विज्ञापन। | 06.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416708498 poftb.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in


पीआरडीएच-11/2026/440/35452/I/88/6 दि. 06.06.25

## चिंतन

# ग्रोथ को गति देने के लिए रिजर्व बैंक का बोल्ड स्टेप

मौजूदा वक्त में अर्थव्यवस्था को जिस खुराक की जरूरत थी, रिजर्व बैंक ने वही खुराक दी है। रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर एक साथ उद्योग और लोन उपभोक्ताओं को राहत दी। विशेषज्ञ चौथाई फीसदी कटौती की उम्मीद कर रहे थे, पर केंद्रीय बैंक ने बोल्ड स्टेप लेते हुए नीतिगत दर रेपो रेट में 0.5 फीसदी की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.5 फीसदी हो गया है, यह पांच फीसदी के दायरे में है, जिसे सकारात्मक माना जा सकता है। अब रेपो रेट तीन वर्ष के निचले स्तर पर है। इससे आवास, ऑटो और औद्योगिक कर्ज सस्ते होंगे। यह लगातार तीसरी दफा है, जब रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी की है। पिछले कुछ तिमाहियों से जहां जीडीपी सुस्त है, वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में कमी दर्ज की जा रही है। औद्योगिक उत्पादन के साथ कोर सेक्टर की ग्रोथ भी हांफ रही है। वर्तमान में जो वैश्विक स्थितियां हैं, उसमें भारत को अगर विनिर्माण का केंद्र बनकर उभरना है तो भारतीय अर्थव्यवस्था को हर मानक पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कटौती कर सुस्त अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की पहल की है। आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की है। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास लोन देने के लिए अधिक फंड होंगे। इससे बैंकों के पास नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी। इन उपायों से वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन मिलेगा। यह मजबूत कदम है। आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। भारतीय शेयर बाजार ने भी उछाल के साथ रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इससे पहले, पांच अगस्त, 2022 को यह 5.40 प्रतिशत के स्तर पर थी। आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अब तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को उदार से बदलकर तटस्थ कर दिया है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 कर दिया है। दरअसल, जीडीपी को गति देने के लिए नीतिगत उपायों से घरेलू निजी खपत और निवेश को प्रोत्साहित करना जरूरी है। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए घरेलू वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना और भी महत्वपूर्ण है। आरबीआई के मौद्रिक उपायों से खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज मांग बढ़ेगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। लेकिन अर्थव्यवस्था को और भी दवा की जरूरत है, जिसमें जीएसटी के सरलीकरण से लेकर नीतिगत सुधार तक की बात है। एफडीआई नियम उदार है, पर देश में सकारात्मक आर्थिक माहौल भी चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति चुनौती बनी हुई है, इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## सारा संसार



श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग नागों के ईश्वर रूप में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर स्थित है। यह रुद्र संहिता में इन भगवान को दारुकावने नागेशं कहा गया है। माना जाता है कि भगवान कृष्ण रुद्राभिषेक के द्वारा भगवान शिव की आराधना करते थे। और बाद में आदि गुरु शंकराचार्य ने कलिका पीठ पर अपने पश्चिमी मठ की स्थापना की।

## साझा संस्कृति

डॉ.रमेश ठाकुर



# सिंगापुर में 'लिटिल इंडिया' नाम से बसा छोटा 'भारत'

प्रवासियों ने अपने हिस्से का थोड़ा-थोड़ा हिंदुस्तान जोड़कर सिंगापुर में भी है एक छोटा सा 'भारत' बसाया हुआ है। उसे 'लिटिल इंडिया' कहते हैं, जो वहां बसे भारतीय मूल के लोगों और सनातनी पर्यटकों के लिए सदैव खास स्थान रहा है। 'लिटिल इंडिया' को लेकर एक किताब लिखी गई है जिसे पढ़कर दूनिया के लोग और ज्यादा जान पाएंगे। उस स्थान को लेकर किताब में न सिर्फ दोनों देशों की साझा संस्कृति बल्कि उसमें सामाजिक परिवर्तन, प्रारंभिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले तीज-त्योहारों, आकर्षण के विभिन्न केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और प्राचीन काल में व्यापार करने के दौरान उत्पन्न हुई चुनौतियों के संबंध में विस्तार से विवरण किया है। 1970 से पहले इस जगह को 'सेरंगून रोड' कहते थे। किताब का नाम 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटीः थ्रू द एजेस' है जिसका बीते दिनों भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो द्वारा संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। सिंगापुर में भारतीयों की आबादी इस समय करीब 6 लाख 50 हजार के आसपास है, जो वहां की कुल आबादी का 10 फीसदी हिस्सा है। ये आबादी तीसरी सबसे बड़ी जातीय समूह में भी शुमार है। किताब सन् 1822 में 'लिटिल इंडिया' परिसर के मुख्य मार्ग सेरंगून रोड की स्थापना से लेकर अभी तक के कार्य कलापों का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार वहां भारतीयों ने वाणिज्यिक और सांस्कृतिक विधा में खुद को चुनौतियों का सामना करके स्थापित किया था। 'लिटिल इंडिया' को लेकर 187 पन्नों की लिखी पुस्तक की लेखिका का नाम 'सौंदरा नायकी वैरावन' है, जो विश्व प्रसिद्ध राइटर हैं। उन्होंने इससे पहले भी भारतीयों पर आधा दर्जन से अधिक किताबें लिखी हैं। किताब के प्रत्येक पन्नों में उन पहलुओं का वर्णन किया गया है कि कैसे 'लिटिल इंडिया' का सिंगापुर में निर्माण हुआ और किसने उस जगह की नींव रखी थी। इसलिए कह सकते हैं कि ये पुस्तक भारतीय समुदाय के लोगों की गतिविधियों का दस्तावेज है। शुरुआती दिनों में 'लिटिल इंडिया को बसाने में सिर्फ भारतीयों ने ही बिना स्थानीय सहयोग के अपनी भूमिकाएं निभाई। उसके बाद वहां की हुकूमत ने बजट आवंटन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। चुनावों में प्रत्येक सियासी दल भारतीय मूल के वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। सियासी दल बकायदा अपने घोषणा पत्रों में 'लिटिल इंडिया' को और विस्तार देने का वादा करते हैं। ये स्थान इतना फेमस है कि सिंगापुर पहुंचने वाले तकरीबन भारतीय 'लिटिल इंडिया' जाना नहीं भूलते। उसका परिसर, रेस्तरां, खानपान और बनावट में भारतीय संस्कृति की खुशबू आती है। भवन में कार्यरत अधिकांश भारतीय ही हैं। इसमें जो होटल हैं उनमें प्रत्येक भारतीय व्यंजन मिलते हैं। कहा जाता है कि तमिलनाडु निवासी नारायण पिल्लई सिंगापुर पहुंचने वाले पहले भारतीय थे। सन् 1824 में सिंगापुर में मात्र 756 भारतीय रहते थे, लेकिन उसके बाद भारतीयों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ। सभी जानते हैं कि सिंगापुर एक समृद्ध और विविधता से लबरेज देश है, जो दुनिया के देशों का गहरा प्रतिबिंब है।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यूएन का अमृत पथ गढ़ेंगी एनालेना



यूएन महासभा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी और और आगंतुक देशों को महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी। विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।

यूएन महासभा का 80वां सत्र सितम्बर 2025 में आरंभ होगा। जैसा कि सर्वविदित है कि यूएन जनरल असेम्बली की अध्यक्षता हर वर्ष अफ्रीका, एशिया-प्रशान्त, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका व कैरीबिया, पश्चिमी यूरोप व अन्य, इन पांच क्षेत्रीय समूहों में बारी-बारी से बदलती है। इस बार जर्मनी को यह जिम्मेदारी मिली और जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन संयुक्त राष्ट्र में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। बहुत दिलचस्प बात यह है कि इस महासभा में गोपनीय मतदान होते हैं। एनालेना बेयरबॉक यद्यपि जर्मनी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार थीं जिसे स्टेट द्वारा नॉमित किया गया था। हेल्गा शिमड स्व-नामांकित प्रत्याशी थीं। हेल्गा शिमड को भी सात मत प्राप्त हुए। इस प्रक्रिया में 14 प्रतिनिधि सदस्य देशों ने वोटिंग नहीं की लेकिन हेल्गा शिमड के उम्मीदवार बन जाने से यह मतदान दिलचस्प बन गया। यदि हेल्गा के परफ़ॉर्मेंस का मूल्यांकन किया जाए तो यह कहना बिलकुल गलत न होगा कि उनका भी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन रहा। विजयश्री तो एनालेना बेयरबॉक को मिली और अब वह नए सत्र शुरू होने पर यूएनजीए 80वें सत्र की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगी और विश्व के समस्त आगंतुक देशों को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी।

स्त्रियों के लिए यह पुनः गर्व की बात है कि जर्मन की पूर्व विदेश मंत्री जो कि एक सशक्त स्त्री हैं, वह 80वें ऐतिहासिक सत्र की अध्यक्षता करेंगी। जर्मन सरकार ने इसलिए एनालेना बेयरबॉक को नामांकित करके व उनकी जीत हासिल करके एक बड़ा मैसेज दुनिया को दिया है और समस्त स्त्री समाज को गर्व से भर दिया है। अहम् बात यह है कि पश्चिमी यूरोपीय समूह क्षेत्र से इस दायित्व को संभालने वाली वह पहली और महासभा की पांचवीं महिला अध्यक्ष होंगी। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि एनालेना बेयरबॉक कम 44 वर्षीय उम्र में वैश्विक पटल पर एक बेहद चुनौतीपूर्ण समय में इस पद को संभाल रही हैं जब हिंसक टकराव बढ़े हैं। कई देश युद्ध की आग लिए धधक रहे हैं। बड़े पैमाने पर विश्व में शरणार्थियों की संख्या बढ़ी है। जलवायु संकट व टिकाऊ विकास के लक्ष्य हासिल करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सशंकित है। विश्व में वित्तीय दबाव बढ़े हैं और एनालेना बेयरबॉक के ही कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र के नए महासचिव की चयन प्रक्रिया शुरू होगी और कोई नया चेहरा संयुक्त राष्ट्र की बागडोर संभालेगा। यहां समस्या इस बात की बहुत बड़ी है कि संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षवाद को नई धार देना ज़रूरी है क्योंकि युद्धरत देशों ने कई बार संयुक्त राष्ट्र को अंगूठा दिखाकर मनमानी सैन्य कार्रवाई की और हथियारों का इस्तेमाल किया है। इसलिए यह माना जा रहा है कि वैश्विक बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए एक अहम पड़ाव है। यूक्रेन, ग़ाज़ा व अन्य क्षेत्रों में जारी युद्धों का अन्त कराने के प्रयासों पर सुरक्षा परिषद गतिरोध का सामना कर रही है। साथ ही इस गतिरोध के लिए कई बार निंदा करना नाकाफी सा लगने लगा है। वीटो अधिकार प्राप्त देशों की भी आपस में कोई बहुत अच्छी




दोस्ती व संबंध निर्वाह की प्रतिबद्धता नहीं दिखती। ऐसे में चाहे सुरक्षा परिषद् हो या शांति कायम करने वाली दूसरी एजेंसीज जिसका गवर्नेंस संयुक्त राष्ट्र करता है, वहां अनेक चुनौतियां हैं। कोई भी प्रस्ताव वीटो अधिकार प्राप्त देशों पर आ टिकते हैं और समस्याएं मिटती नहीं। चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के आपस में अपने-अपने हित जब टकराते हैं तो संयुक्त राष्ट्र को बहुत असहज भी होना पड़ता है। सहमति का बहुपक्षीय होना, बहुपक्षवाद को अंदर से हिला देता है। एनालेना बेयरबॉक जो कि जर्मन सरकार में विदेश मंत्री का दायित्व संभाल चुकी हैं, उनके नेतृत्व के लिए यह चुनौतियां हैं लेकिन उनका जो सौम्य स्वभाव है और जिस कूटनीतिक रणनीतिकार के रूप में विश्व में उनकी छवि है, उससे उम्मीदें हैं और वह सफल होंगी, इस पूर्ण विश्वास को लेकर दुनिया से उन्हें 167 वोट मिले हैं। इसका अर्थ है कि दुनिया के 167 देश एनालेना बेयरबॉक पर पूर्ण विश्वास व भरोसा करते हैं।

एनालेना बेयरबॉक पर भरोसा इसलिए है क्योंकि महासभा अध्यक्ष के आगामी कार्यकाल के लिए उन्होंने जो प्राथमिकताएं प्रस्तुत की हैं वह बहुत ही प्रासंगिक हैं। यथा संयुक्त राष्ट्र को और अधिक दक्ष व प्रभावी बनाना, टिकाऊ विकास के 2030 एजेंडा को आगे बढ़ाना और महासभा को सही मायनों में एक समावेशी फ़ोरम बनाना। समावेशी-दर्शन की हिमायती एनालेना का विश्वास ही उनकी कूटनीतिक विश्वास की धुरी बनने जा रहा है, एक बात तो यह तय है। दूसरी बात उन्होंने खुद कहा कि मैं देखती हूं कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की विविधता ही हमारी शक्ति है। यही वो स्थान है, जहां सभी राष्ट्र एक साथ मिलते हैं और जहां हर देश के पास एक चेयर व एक आवाज़ है। एनालेना ने लैंगिक समानता, बहुपक्षवाद, नागरिक समाज व युवजन के साथ सम्पर्क व बातचीत को बढ़ावा देने की पैरवी की है। यह उनके युवा नेतृत्व में विश्वास को प्रकट करता है। उनके भीतर के युवा जोश का प्रदर्शन है। उन्हें यह पता है कि बिना लैंगिक समानता व युवा नेतृत्व से सामंजस्य के कोई भी दुनिया की सफलता हासिल नहीं हो सकती। यह भाव ही उन्हें दुनिया में उनके व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ बनाते हैं। ऐसे ही लोगों पर यदि दुनिया की बड़ी बहुपक्षीय संसद ने भरोसा जताया है तो यह बहुत ही उपयुक्त है और उत्कृष्ट भविष्य की ओर साथ-साथ बढ़ने का संकेत भी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश स्वयं लैंगिक समानता की बात करते हैं। एनालेना के भी साथ आने से निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र को इस दिशा में सकारात्मक दिशा तय करने में बल मिलेगा। एनालेना पर इसलिए भी भरोसा है क्योंकि वह चाहती हैं कि संयुक्त राष्ट्र को बहुमुखी विश्वास के साथ आगे ले जाया जाए। यह युवा नेत्री की अपनी क्षमता ही मानी जाएगी कि वह इस प्रकार की संभावनाओं का विश्व बनाने के पक्ष में अपने विजन-प्लान के साथ स्वयं को खड़ा करती हैं। एनालेना बेयरबॉक के राजनीतिक करियर की शुरुआत उनके माता-पिता ने की थी। उन्हें 1980 के दशक में परमाणु-विरोधी प्रदर्शनों में ले गए थे। अपनी निजी वेबसाइट पर, वह अपनी किशोरावस्था से ही विश्वव्यापी अन्याय से प्रभावित होने व उसके विरुद्ध आवाज़ उठाने का वर्णन करती हैं। इससे उनके जीवन के उत्कृष्ट सोच को समझा जा सकता है। इस दृष्टि व सोच से विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि विश्व में संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, सौम्य व सर्वहितकारी बनाने में वह पुरजोर कोशिश करेंगी। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी। उनके बारे में विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?


## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जापान से सीखें पेड़ों का संरक्षण करना**

हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है। इस दिवस पर दुनियाभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाएं जाते हैं। लेकिन दुनिया को इसके लिए अभियान ही नहीं चलाने चाहिए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से काम भी करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए और पेड़ों का संरक्षण करना चाहिए। दुनिया के सभी देशों को जापान की दाईसुगी तकनीक को अपनाना चाहिए। जापान की यह तकनीक लगभग 600 वर्ष पुरानी है। इस तकनीक से वहां पेड़ों से लकड़ी प्राप्त करने के लिए पेड़ को इस तरीके से काटा जाता है कि इससे पेड़ को इतना नुकसान नहीं होता जिससे पर्यावरण पर कोई उल्टा प्रभाव पड़े। **- कमल वर्मा**, बलौदाबाजार

## करंट अफेयर

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को 'अवांछनीय' किया घोषित



रूस ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को 'अवांछनीय' संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा 'एमआई-6' 'ब्रिटिश काउंसिल' की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं। जखारोवा ने कहा, ''रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अवैध अभियानों में 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं और यह गोपनीय विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है।'' रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को एक अवांछनीय संगठन घोषित किया है, हालांकि यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि ''विशेष सैन्य अभियान'' की शुरुआत के बाद 'ब्रिटिश काउंसिल' ने ''ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में अभूतपूर्व रूप से साथ दिया''।

## ऑफ बीट

# रोजाना मांस खाने से होता है कोलोरेक्टल कैंसर



प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।

## ट्रेंड

### कुशलता का प्रतीक



आज मोदी जी द्वारा दुनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज 'चिनाब रेल ब्रिज' जनता को समर्पित करना जम्मू-कश्मीर के विकास के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिबिंब है। चिनाब पर बना यह स्टील आर्च ब्रिज भारत की कुशलता का जीवंत प्रतीक है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सुरक्षा कवच बनाया



ये सपा के अच्छे काम की सोच ही थी कि सड़क से लेकर हर जगह नारी सुरक्षित रहे इसकी सिर्फ़ बात नहीं की बल्कि सच में 1090 का ऐसा सुरक्षा कवच बनाया गया, जो देश के लिए अनुकरणीय बन गया। जनहित में टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करना वैज्ञानिक सोच से ही आता है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### हार्दिक संवेदनाएं



थेन्नाला बालकृष्ण पिल्लई ने कांग्रेस पार्टी के मूल मूल्यों - प्रतिबद्धता, विनम्रता और ईमानदारी को मूर्त रूप दिया। हमने एक सिद्धांतवादी नेता खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आईपीएल में दबदबा



मुझे हमारी युवा टीम द्वारा पूरे टूर्नामेंट में दिखाई गई लड़ाई और धैर्य पसंद आया। कैसे हमारे कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और कैसे भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ियों ने इस आईपीएल में अपना दबदबा बनाया!
-प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### मुख्य मुख्य अतिथि मेयर बाल्मिकी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

# हरियाणा राज्य जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह

### युवा खिलाड़ी विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए रिंग में दमखम दिखा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित चौथी जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी साई एनबीए बॉक्सिंग अकादमी में जोर-शोर से जारी है। जिसमें मुख्य अतिथि मेयर रामअवतार बाल्मिकी रहे। बुधवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को तीसरे दिन भी खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 500 होनहार मुक्केबाज़ भाग ले रहे हैं। ये युवा खिलाड़ी विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए रिंग में अपना दमखम दिखा रहे हैं। आयोजन स्थल पर दर्शकों और खेल प्रेमियों की भी अच्छी खासी भीड़ जुट रही है, जिससे माहौल और भी उत्साहजनक बन गया है।



बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इन्हें हमें अपनाना चाहिए। खेलों से हमारा स्वास्थ्य ही बेहतर नहीं रहता, बल्कि शारीरिक व मानसिक बल भी मिलता है। जहां तक खेलों का सवाल है, हरियाणा का नाम सबसे पहले लिया जाने लगा है।



## प्रतियोगिता में प्रदेश से करीब 500 होनहार मुक्केबाज भाग ले रहे हैं

### लड़कियों के परिणाम

| भार वर्ग | नाम | जिला |
|---|---|---|
| 46 किलोग्राम | भूमि | रोहतक |
| | राखी | भिवानी |
| 48 किलोग्राम | जिया | पानीपत |
| | जिया | हिसार |
| 50 किलोग्राम | महक | कुरूक्षेत्र |
| | काफी | भिवानी |
| 52 किलोग्राम | सिमरन | जींद |
| | कुदरत | भिवानी |
| 54 किलोग्राम | दीक्षा | चंडीगढ़ |
| | जन्नत | कैथल |
| 57 किलोग्राम | साक्षी | हिसार |
| | यशिका | सोनीपत |
| 60 किलोग्राम | चाहत | फरीदाबाद |
| | समायरा | सिरसा |
| 63 किलोग्राम | हिमांशी | भिवानी |
| | दीया | साईबी |
| 66 किलोग्राम | प्रिया | साईबी |
| | यशिका | रोहतक |
| 70 किलोग्राम | प्रिया | कैथल |
| | हिमांशी | गुरूग्राम |
| 75 किलोग्राम | ज्योति | रेवाड़ी |
| | संध्या | रोहतक |
| 80 किलोग्राम | यशिका | अंबाला |
| | कनक | झज्जर |
| 80 से ज्यादा-किलोग्राम में | अशिंका | चंडीगढ़ |
| | भूमिका | गुरूग्राम |

### लड़कों के परिणाम

| भार वर्ग | नाम | जिला |
|---|---|---|
| 46 किलोग्राम | उदय सिंह | चरखी दादरी |
| | नितिन | झज्जर |
| 48 किलोग्राम | फलक | सोनीपत |
| | विराज | गुरूग्राम |
| 50 किलोग्राम | अंशु | पानीपत |
| | तेजस खोखर | सोनीपत |
| 52 किलोग्राम | हर्षित | हिसार |
| | आदित्य | साईबी |
| 54 किलोग्राम | आशु | सोनीपत |
| | आशीष | रोहतक |
| 57 किलोग्राम | रितेश कुमार | फतेहाबाद |
| | सुधांशु | पानीपत |
| 60 किलोग्राम | सावन | भिवानी |
| | गौरव | रोहतक |
| 63 किलोग्राम | विशाल | झज्जर |
| | आर्यन | साईबी |
| 66 किलोग्राम | कुनाल | सोनीपत |
| | नैतिक | गुरूग्राम |
| 70 किलोग्राम | ओमप्रकाश | रेवाड़ी |
| | नमन | रोहतक |
| 75 किलोग्राम | कुनाल | गुरूग्राम |
| | कार्तिक | सोनीपत |
| 80 किलोग्राम | देवांश | हिसार |
| | प्रनित | पानीपत |
| 80 से ज्यादा-किलोग्राम में | आयुष | सोनीपत |
| | चिरागदीप | कैथल |

## खबर संक्षेप

### टेस्ट संन्यास का फैसला बदल सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा, 'मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5-0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें।'

### मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।

### वॉलीबॉल महासंघ का चुनाव आज

**नई दिल्ली।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने बहुप्रतीक्षित चुनाव कराने जा रहा है। यह तदर्थ समिति की देख रेख में जारी शासन के बाद निर्वाचित शासी निकाय को बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। वीएफआई से संबद्ध 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 66 प्रतिनिधि नयी शासी निकाय का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे। कार्यकारी समिति की पांच पदों सहित 12 प्रमुख पदों के लिए 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।



### सात्विक-चिराग इंडोनेशिया ओपन से हारकर बाहर

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।

### फुटबॉल : फाइनल में पुर्तगाल से होगा मुकाबला

# स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में बनाई जगह फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया



एजेंसी ▶▶ स्टटगार्ट

युवा खिलाड़ी लेमिन यमाल के दो गोल की मदद से स्पेन ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय यमाल ने गुरुवार को फ्रांस के डिजायर डू और ओसमान डेम्बेले जैसे युवा खिलाड़ियों के सामने खुद को बेहतर साबित किया, जिससे स्पेन ने डिडिएर डेसचैम्प्स की टीम के खिलाफ शुरू में दबदबा बनाते हुए रविवार को पुर्तगाल के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। पुर्तगाल ने बुधवार को मेजबान देश जर्मनी को 2-1 से हराया था। यह नेशंस लीग के इतिहास में सर्वाधिक स्कोर वाला मैच था। फ्रांस ने चार में से तीन गोल तब किए जब यमाल ने स्कोर 5-1 कर दिया था और स्पेन के खिलाड़ी अपनी जीत को पक्की मान चुके थे।

### चीन बाहर, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई




**सियोल।** चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया जबकि उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में अपनी जगह पक्की की। विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप मे अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया ने जापान को 1-0 से हराया

*इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अज़ीज़ बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया की जापान के खिलाफ 16 वर्षों में यह पहली जीत थी।*

### तीरंदाजी

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर, अब तक नहीं खुला खाता




एजेंसी ▶▶ अंताल्या

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका।

शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया। मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा।

### न्यूजीलैंड ने वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### एक दौर की बाजी बाकी

## गुकेश जीते, कार्लसन के साथ नॉर्वे शतरंज खिताब के दावेदार




एजेंसी ▶▶ स्टावेंजर

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए।

अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारुआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे।

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं।

### महिला वर्ग में हम्पी भी दावेदार

महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गई। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।



## फ्रेंच ओपनः गॉफ और सबालेंका के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**पेरिस।** अमेरिका की कोको गॉफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा। तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गॉफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गॉफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



## वाणी आखिरी नौ होल में चार बर्डी के दम पर बनीं चैंपियन

**बेंगलुरु।** वाणी कपूर ने खराब शुरुआत से उबरते हुए आखिरी नौ होल में चार बर्डी लगाकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण में शानदार जीत दर्ज की। यह मौजूदा सत्र में वाणी का चौथा खिताब है। वाणी तीसरे दौर में आठ होल के बाद दो ओवर के स्कोर के साथ पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाने के बाद 12वें से 15वें होल में लगातार चार बर्डी के दम पर शानदार वापसी कर तीन अंडर 67 का कार्ड खेला। वाणी ने कुल पांच अंडर 205 (67-71-67) का स्कोर कर तीन शॉट से जीत दर्ज की। एमेच्योर जारा आनंद (67) ने पेशेवर सर्किट पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने दो अंडर 208 का स्कोर किया। नेहा त्रिपाठी एक अंडर 209 (76-68-65) के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।



### 36 साल के खिलाड़ी भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का रहे हिस्सा

# स्पिनर चावला ने की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहे अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने दो दशक से अधिक लंबे करियर के बाद शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 36 साल के खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए संन्यास की घोषणा करने के साथ 'नए सफर' की शुरुआत का जिक्र किया लेकिन उसके बारे में कोई विवरण नहीं दिया।

चावला ने लिखा, 'मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं भले ही क्रीज से दूर जा रहा हूं लेकिन मेरे अंदर क्रिकेट हमेशा जिंदा रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक के साथ एक नए सफर पर निकलने के लिए उत्सुक हूं।'







### दो वर्ल्ड कप जीतना वरदान से कम नहीं

चावला 2007 और 2011 में क्रमशः भारत की टी20 और वनडे विश्व कप विजेता टीमों के सदस्य थे। उन्होंने तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और खेल के तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में 43 विकेट लिए। चावला ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक का सफर मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी।'

### कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिया धन्यवाद

चावला ने अपने सभी कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी को अपने करियर को संवारने में भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आईपीएल में अपने समय को 'करियर का विशेष अध्याय' करार दिया। आईपीएल में कई फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले चावला ने लिखा, 'आईपीएल की जिन फ्रेंचाइजियों (पंजाब, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई) ने मुझ पर भरोसा जताया उनका तहे दिल से शुक्रिया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल का आनंद लिया है। मैं अपने कोच केके गौतम और स्वर्गीय पंकज सारस्वत का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में विकसित करने में अहम योगदान दिया है।'




## खबर संक्षेप

### अखिल अक्किनेनी ने जैनब से रचाई शादी

**हैदराबाद।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन के दूसरे बेटे और टॉलीवुड एक्टर अखिल अक्किनेनी शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जैनब रावजी के साथ ट्रेडिशनल तेलुगु स्टाइल में सात फेरे लिए हैं। शादी नागार्जुन के हैदराबाद स्थित घर जुबली हिल्स में सीक्रेट तरीके से हुई।

### पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता और अन्य बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने झारखंड में महुआगढ़ी कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया। हालांकि, विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने जस इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार को कोयला आवंटन में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया।

### भारत-सेंट्रल एशिया संवाद के उद्घाटन भाषण के दौरान बोले-विदेश मंत्री

# आतंकवाद को किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे : जयशंकर

### सेंट्रल एशियाई देशों ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की, आतंक के खिलाफ एकजुटता दिखाई विदेश मंत्री ने आभार जताया

नई दिल्ली (ब्यूरो)। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मामले पर भारत को दुनियाभर से मिलता जा रहा समर्थन लगातार बढ़ रहा है। अब इस सूची में उसकी 'विस्तारित पड़ोस' में शामिल ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान जैसे मध्य-एशिया के पांच देश भी शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में इन सभी देशों के साथ भारत-मध्य एशिया संवाद के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने संवाद की अध्यक्षता की और अपने उद्घाटन संबोधन में मध्य-एशिया के देशों द्वारा आतंकवाद को लेकर दिए गए समर्थन को लेकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत पूरे क्षेत्र में आतंकवाद और कट्टरपंथ विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आतंकवाद को किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह जानकारी संवाद के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी संयुक्त बयान के जरिए सामने आई। जिसमें सभी भागीदारों ने अपने सहयोग को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। आयोजन के समापन के बाद पांचों मध्य-एशियाई देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की।




#### बढ़ती आवाजाही से संपर्क बेहतर हुआ

इस दौरान विदेश मंत्री ने बीते दशक में व्यापार और आर्थिक संबंधों में हुई प्रगति को उजागर किया। उन्होंने बताया कि भारत और सेंट्रल एशिया के बीच सीधी उड़ानों और पर्यटकों तथा व्यापारियों की बढ़ती आवाजाही से संपर्क बेहतर हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए सेंट्रल एशियाई देशों का रुख कर रहे हैं।

#### आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर ब्रिटेन के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी शनिवार से भारत की दो दिवसीय (7 से 8 जून तक) यात्रा पर रहेंगे। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान की सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। 7 जून की नई दिल्ली पहुंचने के बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी की 11 बजे मोदी के उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात होगी।

### भारतीय शिष्टमंडल की मुहिम जारी



# पाकिस्तान के बारे में कहीं भी अच्छा नहीं सुना: थरूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब किया। शिष्टमंडलों ने अल्जीरिया, डेनमार्क, ब्रिटेन, इथियोपिया, फ्रांस, इटली जैसे देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रखा। ग्रीस, बहरीन, कतर, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों में भी दहशतगर्दों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति बताई गई। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद नीत शिष्टमंडल तीन दिवसीय जर्मनी दौरे पर है। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है।

#### आतंक एक वैश्विक अभिशाप है: रविशंकर

*इस दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'इस भव्य संसद के उपाध्यक्ष के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद पर विचारों का आदान-प्रदान किया, वह बहुत स्पष्ट थे। आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है और उन्होंने अपने लोगों को सुरक्षा देने के लिए भारत के प्रयासों की भी सराहना की और वैश्विक स्तर पर हमें आतंकवाद के क्षेत्र में मिलकर काम करने की जरूरत है और साथ ही इन दो महान देशों के बीच अच्छे आर्थिक सहयोग की भी जरूरत है। जर्मनी दुनिया में एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और भारत भी दुनिया में एक बड़ी आर्थिक शक्ति है।*

## मिस यूनिवर्स इंडिया यूनिवर्स में हरियाणा की अमिशी कौशिक ने कब्जाया खिताब

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ उत्तराखंड और दिल्ली की युवतियां भी जीतीं

मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के राज्य फिनाले में तीन युवतियों को विजेता का ताज पहनाया गया। दिल्ली से स्मिति छाबड़ा, हरियाणा से अमिशी कौशिक और उत्तराखंड से राधिका सिंघल को विजेता घोषित किया गया। यह कार्यक्रम वसंत कुंज स्थित द ग्रैंड होटल में आयोजित किया गया। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन तीनों प्रतिभागियों को अन्य राज्य की विजेताओं के साथ अब मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 के राष्ट्रीय फिनाले में प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। विजेताओं का चयन चलने के अंदाज (वॉक), आत्मविश्वास, संवाद कौशल, बुद्धिमत्ता और मंच पर प्रस्तुति जैसे मानकों के आधार पर किया गया।



### रिपब्लिकन ने ट्रंप और मस्क से झगड़े खत्म करने का आग्रह किया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच हुए जबरदस्त टकराव के बाद की स्थितियों से निपटने को तैयार रिपब्लिकन पार्टी के सांसद और नेता लंबे समय तक जारी झगड़े के संभावित परिणामों से भयभीत होकर ट्रंप और मस्क से तनाव कम करने का आग्रह कर रहे हैं। कम से कम दो शक्तिशाली व्यक्तियों के बीच दुश्मनी रिपब्लिकन के विशाल कर और सीमा व्यय कानून के लिए आगे का रास्ता जटिल बना सकता है। वाशिंगटन राज्य के रिपब्लिकन प्रतिनिधि डैन न्यूहाउस ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह (संघर्ष) हमें उस काम को पूरा करने से विचलित नहीं करेगा जो हमें करना है। टेक्सास के रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज भी इसी तरह आशावादी थे। उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा कि उम्मीद है कि वे फिर से साथ आ जाएंगे।

## जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी, कनाडा के पीएम ने दिया न्योता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर की बातचीत**

खालिस्तानी चरमपंथियों के मुद्दे पर भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ पिघलने के आसार बनते हुए नजर आ रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा संकेत शुक्रवार को मिला, जब कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर जी-7 शिखर सम्मेलन (15 से 17 जून तक) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह जानकारी पीएम मोदी ने अपनी एक एक्स पोस्ट में दी। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रसन्नता जताई और हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में उनकी जीत को लेकर बधाई दी। साथ ही इसी जून महीने में कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए पीएम मार्क कार्नी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में ये भी कहा कि शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात का बेसब्री से इंतजार रहेगा। भारत-कनाडा संबंधों में लिबरल पार्टी के मौजूदा प्रमुख मार्क कार्नी के पूर्व में प्रधानमंत्री रहे ट्रूडो के शासनकाल में काफी गिरावट देखने को मिली थी।

#### 26/11 मुंबई आतंकी हमला

### दिल्ली की अदालत ने राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ जेल प्रशासन से उसके स्वास्थ्य की स्थिति पर नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है।

## ब्रिक्स के 10 देशों की संसदों ने पहलगाम आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की

- भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया
- अगली बार 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की मेज़बानी भारत को सौंपी गई


**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मुद्दों पर दृष्टिकोण को सभी देशों ने सराहा और सर्वसम्मति से संयुक्त घोषणा में शामिल किया गया। विशेष रूप से, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की निर्णायक नीति को गंभीरता से स्वीकार किया गया। भारत ने आतंकवादी हमलों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की, और आतंकवाद के विरुद्ध "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति को अपनाने की आवश्यकता को जोरदार ढंग से रखा। भारत सहित 10 सदस्य देशों की संसदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च स्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ किया। इस वर्ष ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने वाले 10 सदस्य देशों में भारत, ब्राज़ील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया व इंडोनेशिया शामिल थे।

#### ईडी के निशाने पर आए एक्टर

## मीठी नदी घोटाले में डिनो मोरिया के घर पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के मीठी नदी घोटाले मामले में अभिनेता डिनो मोरिया तक ईडी पहुंच गई है। ईडी ने मीठी नदी सफाई घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत शुक्रवार को उनके घर पर भी छापेमारी की है। छापेमारी डिनो मोरिया और उनके भाई समेत कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर भी की गई है। ईओडब्ल्यू उनसे पहले ही दो बार पूछताछ कर चुकी है।



#### बीएमसी को 65 करोड़ का नुकसान हुआ

मीठी नदी घोटाला मुंबई महानगरपालिका की ओर से मीठी नदी की सफाई में इस्तेमाल होने वाले स्लज पुशर और ड्रेजिंग मशीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। आरोप है कि इन मशीनों को कोच्चि की कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से ऊंचे दामों पर किराए पर लिया गया और इसमें भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई। इसमें बीएमसी को 65 करोड़ रुपए का नुकसान होने का आरोप है।

#### रिजिजू ने लॉन्च किया 'उम्मीद' पोर्टल

## वक्फ संपत्तियों की रियल-टाइम अपलोडिंग सत्यापन और निगरानी की सुविधा मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने उम्मीद सेंट्रल पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन भी मौजूद रहे। रिजिजू ने कहा कि यह पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा और विशेष रूप से मुस्लिम समाज के आम लोगों, महिलाओं और बच्चों को लाभ देगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद पोर्टल पारदर्शिता लाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग हो।

#### जियो टैगिंग से होगी पहचान



पोर्टल का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के उपयोग को सही दिशा में ले जाना और कमजोर तबकों के कल्याण में योगदान देना है। यह डिजिटल प्लेटफार्म वक्फ संपत्तियों की जियो-टैगिंग, जीआईएस मैपिंग और ई-गवर्नेंस टूल्स के साथ एकीकृत है, जिससे संपत्तियों की पहचान और प्रबंधन आसान हो सके।

**वक्फ संपत्ति का हिसाब रखेंगे :** राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने कहा कि इस प्रणाली से यह सुनिश्चित होगा कि हर वक्फ संपत्ति का हिसाब रखा जाए और उसका उपयोग उसी उद्देश्य के लिए हो, जिसके लिए वह दी गई थी।




#### निर्माण समिति के अध्यक्ष मिश्र बोले- राम दरबार के लिए बन रहा रास्ता

# अयोध्या राम मंदिर में अब तक 45 किलो सोना लगा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में अब तक 45 किलो खरा (24 कैरेट) सोने का इस्तेमाल किया गया है। जिसकी कीमत टैक्स छोड़कर करीब 50 करोड़ रुपए है। यह दावा शुक्रवार को राम मंदिर निर्माण समिति चेयरमैन पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्र ने किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर गर्भगृह, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां सभी 20 दरवाजों और सिंहासन में सोना मढ़ा गया है। ग्राउंड फ्लोर पर 14 और पहले फ्लोर पर 6 दरवाजे हैं। सभी पर 3-3 किलो सोने की परत चढ़ाई गई है। मंदिर के भूतल पर बने दरवाजों और भगवान राम के सिंहासन में बड़े पैमाने पर सोने का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, शेषावतार मंदिर में सोने का काम अब भी जारी है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के एक बहुत बड़े कारोबारी हैं, दिलीप उनका नाम हैं। उन्होंने सोमनाथ और काशी के विश्वनाथ मंदिर में भी सोना दान किया था। यहां पर उन्होंने करीब 45-50 किलो सोना दान किया है।

#### भगवान राम के सिंहासन में बड़े पैमाने पर सोने का उपयोग

### *गुजरात के व्यवसायी ने हीरे जड़ित मुकुट और सोने के धनुष दान किए*

गुजरात के सूरत के रहने वाले हीरा कारोबारी मुकेश पटेल ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को 11 मुकुट और एक सोने का धनुष और बाण सहित कई बहुमूल्य आभूषण और अस्त्र-शस्त्र दान किए हैं। वह प्रसिद्ध आभूषण फर्म ग्रीन लैब के मालिक हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवाडिया ने पुष्टि की कि दान में हीरे, सोने, चांदी और माणिक से बनी वस्तुएं शामिल हैं। नेवाडिया ने बताया कि मुकेश पटेल ने 1000 कैरेट हीरे, 30 किलोग्राम चांदी, 300 ग्राम सोना और 300 कैरेट माणिक से बने 11 मुकुट दान किए हैं।



**सभी 20 दरवाजों पर 3-3 किलो सोने की परत चढ़ाई गई है**

#### राम मंदिर का मुख्य निर्माण काम पूरा

नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि राम मंदिर के मुख्य ढांचे का निर्माण काम पूरा हो चुका है। अब केवल रामकथा मंडप, संग्रहालय, सभागार और गेस्ट हाउस का काम बाकी है। ये दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राम मंदिर का निर्माण मानव शक्ति से नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम की कृपा और दैविक शक्ति से संभव हुआ है। दर्शन व्यवस्था को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25